हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–40 : जौनपुर, शनिवार 01 अक्टूबर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने संगमनगरी से किया देश व्यापी स्वच्छ भारत अभियान का शुभारंभ

प्रयागराज ब्यूरो : देशव्यापी राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान की शुरुआत करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले वर्ष भी प्रयागराज से शुरुआत हुई थी। इस बार भी प्रयागराज से शुरूआत हो रही है। पिछले वर्ष उस पार से शुरुआत हुई थी इस साल इस पार से इस अभियान की शुरुआत हो रही है। पिछले वर्ष से अधिक का टारगेट है ओर हम मिलकर इसे पूरा करेंगे। हमारा संकल्प है ओर इस संकल्प को युवा मिलकर ही पूरा करेंगे। 1850 शहरों में प्लास्टिक निस्तारण में हमरा प्रयागराज नंबर वन पर आया। प्रयागराज की महिमा का बखान नहीं किया जा सकता है। तीर्थराज प्रयागराज में चारों पुरुषार्थ सिद्ध होता है। प्रधानमंत्री ने देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ने का काम किया है उनके नेतृत्व में भारत देश की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया है। उनके नेतृत्व में पूर्ण बहुमत से ही आज अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास हुआ है। काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर बना ओर उसकी पुरानी गरिमा के लिए भी प्रयास किया जा रहा है, जिसकी शुरुआत हो गई है। प्रधानमंत्री ने देश के गौरवशाली इतिहास बचने का काम किया है। विकसित भारत बनने के लिए कार्य शुरू हो गया है। सशक्त भारत की नींव स्वच्छ भारत से बनेगा। एकता के लिए ही हमने काश्मीर से धारा 370




हटा दी। इसी एक जुटता से हम अपने सभी संकल्प पूरा करेंगे। उक्त बात केन्द्रीय मंत्री युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय अनुराग सिंह ठाकुर ने शनिवार को यूनाइटेड ऑडिटोरियम में स्वच्छ भारत अभियान 2022 (स्वच्छ भारत–2.0) की शुरुआत के दौरान कहीं। कार्यक्रम में सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी, सांसद केशरी देवी पटेल, महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी। जिला पंचायत अध्यक्ष वी के सिंह, खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, सचिव खेल मंत्रालय संजय कुमार, जिलाधिकारी, एसएसपी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## वरिष्ठ नागरिक दिवस पर वरिष्ठतम पेंशनर्स को किया गया सम्मानित

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के निधारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद में अध्यक्ष सी 0बी 0सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पेंशनर्स भवन में ''बरिष्ठ नागरिकों की समस्या एवं निदान'' विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में सर्वप्रथम संगठन के बरिष्ठतम पेंशनर्स अखिलेश श्रीवास्तव निवासी कालीकुत्ती ओलन्दगंज जौनपुर को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तदोपरांत अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सभी साथियों ने दीर्घायु स्वस्थ जीवन की मंगल शुभकामना व्यक्त किया। तत्पश्चात् बरिष्ठ नागरिकों की समस्या एवं समाधान बिषय पर बिस्तार से चर्चा किया गया , जिसमें सभी साथियों को से सुझाव प्राप्त हुआ कि हम सभी को अपने आसपास के रहने वाले अशक्त बृद्ध जनों का ख्याल रखने के साथ ही अपने को सभी से जुड़े रहना चाहिए। गोष्ठी को संबोधित करते हुए श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव जनपद के पूर्व अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ0प्र0 पेंशनर्स ने बरिष्ठ नागरिकों को हरतरह के सहयोग की अपील किया। सभा अध्यक्ष सी बी सिंह ने अपने संबोधन से पूर्व संरक्षक ई०आर पी पांण्डेय के ह्वाट्सएप सन्देश को सदन में पढ़ कर सुनाया उसके पश्चात अपने संबोधन में सभी साथियों को आपस में मिलजुल कर रहते हुए अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी गयी।साथ ही




किसी तरह की समस्या से संगठन को अवगत कराने की अपेक्षा किया। गोष्ठी को मुख्य रूप से सर्वश्री भानु बाबू, श्याम बिहारी सिंह, रमेश,ई०पी के सिंह , मदन मोहन सोनकर, कंचन सिंह, के के त्रिपाठी , अशोक कुमार मौर्य, ओंकार मिश्रा, हीरालाल लाल आजाद, जिला मंत्री राजबली यादव ,राम अवध लाल,एस यन सिंह कृपा शंकर उपाध्याय, राम आश्रय,सुक्खू राम संतोष कुमार श्रीवास्तव महेंद्र प्रताप, बद्रीनारायण आदि ने सम्बोधित किया। वक्ताओं ने कैशलेश चिकित्सा कार्ड के डाउनलोड न होने के साथ पेंशनर्स की समस्या के निस्तारण में सरकार की शिथिलता पर रोष व्यक्त किया गया तथा आगामी 17अक्टुबर को संगठन के आयोजित धरना प्रर्दशन में बड़ी संख्या में भाग लेने का संकल्प लिया। गोष्ठी का संचालन आर पी सिंह बरिष्ठ उपाध्यक्ष ने किया।अन्त मे सभाध्यक्ष सी०वी० सिंह ने सभी साथियों के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु ,स्वस्थ जीवन की मंगल शुभकामना के साथ समापन की घोषणा किया।

## जिला पुरूष चिकित्सालय जौनपुर की एन0सी0डी0 टीम द्वारा वृद्धजनो का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

जौनपुर सू.वि. : अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वृद्धाआश्रम, प्रेमराजपुर, पानदरीबा जौनपुर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें वृद्धाआश्रम के समस्त वृद्धजनो का स्वास्थ्य परीक्षण जिला पुरूष चिकित्सालय,जौनपुर की एन0सी0डी0 टीम द्वारा किया गया। तद्ोपरान्त गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए डा0 एस0के0 यादव वरिष्ठ परामर्शदाता द्वारा बताया गया कि आयु वृद्धि कोई रोग नही बल्कि एक प्राकृतिक क्रिया है। विश्व भर में बुजुर्ग लोगो की जनसंख्या तेजी बढ़ रही है। आमतौर पर शारीरिक आयुवृद्धि क्रिया से शारीरिक कार्यक्षमता और प्रतिरक्षा कम हो जाती है। इससे बुजुर्गो में रोगों और शारीरिक असमर्थता होने की अधिक संभावना हो जाती है। शारीरिक क्षमता कम होने के कारण एवं रोगों की संभावना अधिक होने के कारण बुजुर्गो को विशेष चिकित्सा सुविधाओं एवं देखरेख की जरूरत होती है। वृद्धो में बढ़ता अकेलापन भारी पड़ रहा है चिन्ता की बात यह है कि परिवारो में उनका विशेष ध्यान नही दिया जाता है तथा सरकार के पास भी वृद्धजन हेतु कोई योजना नही है। नतीजा यह है कि अधिकाश वृद्ध घुट–घुट कर जीवन व्यतीत कर रहे है। नोडल अधिकारी एन0सी0डी0 डा0 राजीव कुमार द्वारा बताया गया कि आधुनिकता के कारण परिवार टूट रहे है। संयुक्त परिवारो में वृद्धो की तरफ लोगो का ध्यान कम हो रहा है। परिवार काम करने के लिए अधिकतर घरो से कट जाते है तथा वृद्ध ही घरो में रह जाते है तथा यह अकेलापन इन्हें बीमार बना रहा है। जिसके कारण इनमें ब्लडप्रेशर, शुगर, आँख से कम दिखना, कम सुनना एवं मानसिक बीमारी बढ़ रही है। उनके द्वारा बताया गया कि जिले में एन0पी0एच0सी0ई0 कार्यक्रम के अन्तर्गत वृद्धों के लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिला अस्पताल में जिरियाटिक इकाई क्रियाशील है। अन्त में वृद्धआश्रम के वृद्धजनो के साथ केक काटकर वृद्धजन दिवस के अवसर पर उनको फल एवं लन्च पैकेट का वितरण किया गया। कैम्प में 45 वृद्धो का जांच एव उपचार किया गया। इस अवसर पर डा0 स्पृहा परमार, एफ0एल0सी0 जयप्रकाश गुप्ता एवं एन0सी0डी0 सेल / क्लीनिक के सभी अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहें साथ ही साथ अन्तराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त सामु0 स्वा0 / प्रा0स्वा0केन्द्रों पर गोष्ठी / रैली का आयोजन किया गया।

## गोरखपुर से पुणे गोवा व चेन्नई के लिए शीघ्र शुरू होगी उड़ान

गोरखपुर मएडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गोरखपुर हवाई अड्डा सलाहकार समिति की पहली बैठक सांसद व समिति के अध्यक्ष रवि किशन शुक्ल की अध्यक्षता में सिविल एयरपोर्ट गोरखपुर पर हुई। समिति के पदाधिकारी व सदस्यों ने बैठक में मुख्य रुप एयरपोर्ट के लिए नई भूमि की शीघ्र मंजूरी, पार्किंग के संचालन, एप्रेन के विस्तार, नए सेक्टरों को गोरखपुर से जोड़ने पर चर्चा की। विस्तार व एयर एशिया की उड़ान शुरू करने को भेजा जाएगा प्रस्ताव बैठक में तय हुआ कि गोरखपुर एयरपोर्ट का नाम महायोगी गुरू श्रीगोरक्षनाथ के नाम पर करने के साथ ही परिसर में उनकी प्रतिमा लगाई जाए। विस्तारा और एयर एशिया एयरलाइंस को जोड़कर यात्रियों की सुविधा के लिए गोरखपुर से पुणे, गोवा, चेन्नई और जम्मू की उड़ान शुरू हो। इसका प्रस्ताव शीघ्र ही एयरपोर्ट आथारिटी को भेजा जाएगा। बेंगलुरु की बंद चल रही फ्लाइट को शुरू कराने के प्रस्ताव पर एयरपोर्ट निदेशक ने बताया कि विंटर शेड्यूल में इंडिगो एयरलाइंस उड़ान शुरू करेगी। प्रबंधतंत्र से वार्ता कर ली गयी है। इसके समिति के अध्यक्ष सांसद रवि किशन शुक्ल ने बताया कि एयरपोर्ट आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए टैक्सी और आटो रिक्शा को एयरपोर्ट से अटैच कर किराया निर्धारित कराया जाएगा। एप्रेन विस्तार पर भी हुई चर्चा एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों के वाहन पार्किंग में खड़ा हो इसके लिए प्रभावी व्यवस्था बनायी जाएगी। बैठक में एप्रेन का कैसे विस्तार हो इस पर भी चर्चा हुई। इस दौरान समिति के उपाध्यक्ष एवं गोरखपुर ग्रामीण से भाजपा विधायक विपिन सिंह, सदस्य एश्प्रा के निदेशक अतुल सर्राफ, भाजपा नेता




सत्येंद्र सिन्हा, दुर्गेश बजाज, एयरपोर्ट निदेशक एके द्विवेदी, सीनियर मैनेजर आपरेशन विजय कौशल, इंडिगो एयरलाइंस के मैनेजर गोविंद, स्पाइस जेट एयरलाइंस के मैनेजर राजेश राय, सीओ एयरपोर्ट रमेश चंद्र त्रिपाठी एवं इंस्पेक्टर उमा शंकर यादव मौजूद रहे। रक्षा मंत्रालय ने दी 42.14 एकड़ भूमि बैठक के उपरांत हवाई अड्डा सलाहकार समिति के अध्यक्ष सांसद रवि किशन शुक्ल ने बताया कि जल्द ही गोरखपुर में नए एयरपोर्ट का निर्माण शुरू हो जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने विस्तार के लिए 42.16 एकड़ भूमि गोरखपुर सिविल एयरपोर्ट को देने का प्रस्ताव मान लिया है।भूमि हस्तांतरित कराने की प्रक्रिया चल रही है। परिसर में 24 घंटे रहेगी एंबुलेंस नया टर्मिनल भवन दिसंबर माह तक तैयार हो जाएगा।यात्रियों की सुविधा के लिए एयरपोर्ट परिसर में एंबुलेंस की व्यवस्था किए जाने की मांग समिति के सदस्यों ने रखी। सांसद ने कहा कि सीएमओ से बात कर एंबुलेंस की व्यवस्था कराई जाएगी। अगर नहीं हुआ तो अपनी निधि से एंबुलेंस उपलब्ध कराउंगा। डीवीओआर लगाने के लिए शुरू हुआ सर्वे गोरखपुर एयरपोर्ट पर डीवीओआर (वेरी हाई फ्रीक्वेंसी ओमनी रेंज डॉप्लर रडार) लगाने के लिए सर्वेश शुरू हो गया है। दिल्ली से बुधवार को ही इंजीनियरों की टीम पहुंच गई थी। गुरुवार को टीम के सदस्यों ने डीवीओआर लगाने का स्थान चिन्हित किया। एयरपोर्ट पर लग रहा डीवीओआर अत्याधुनिक होने के साथ ही हाई–फ्रिक्वेंसी का होगा। ये सिस्टम को विमानों को रास्ता तो दिखाएगा ही साथ ही एटीसी (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) से विमानों को 100 किलोमीटर रेंज तक नियंत्रित कर सकेगा।

## कहीं गिरा टायर तो कहीं इंजन : राजधानी एक्सप्रेस से टकराई यूपी सरकार नेमप्लेट की कार : उड़े परखच्चे

भदोही ब्यूरो : वाराणसी के भदोही जिले में एक ऐसा एक्सीडेंट हुआ जिसमें कार के परखच्चे उड़ गए। गनीमत ये रही कि कार में सवार लोगों को कुछ नहीं हुआ। जिले के सुरियावां और सराय कंसराय स्टेशन के मध्य शुक्रवार की देर रात एक रेल हादसे में चार लोग बाल–बाल बच गए लेकिन कार के परखचे उड़ गए। हादसा वाराणसी–लखनऊ रेलखंड के मध्य सुरियावां–सरायकंसराय रेलवे स्टेशन के बीच स्थित पट्टीबेजांव समपार पर हुआ। हादसे के बाद रेलगाड़ियों को काशन पर चलाया जा रहा है। कार में उत्तर प्रदेश सरकार का नेमप्लेट भी लगा है। वाराणसी–लखनऊ रेलखंड के मध्य स्थित पट्टीबेजांव समपार (गेट संख्या 43 सी) से शुक्रवार की रात 11:35 बजे नई दिल्ली से चलकर वाया वाराणसी होते हुए डिब्रूगढ़ जाने वाली (डाउन / 20504) राजधानी एक्सप्रेस गुजर रही थी। गेटमैन लालचंद मौर्य के अनुसार उसी दौरान अभिया की तरफ से आ रही कार (यूपी–65 म्थ8803) में सवार लोग रेल फाटक बंद होने के बाद भी कार को आगे बढ़ाने लगे उन्हें रोकने की कोशिश की गई, लेकिन गेट तोड़ते हुए रेल ट्रैक पर आए। उसी दौरान गुजर रही ट्रेन की चपेट में आने से कार के परखचे उड़ गए। गेटमैन के दावे अनुसार कार में सवार लोग नशे की हालत में दिख रहे थे। हादसे के दौरान गिट्टी का एक टुकड़ा उड़ कर गेटमैन को भी लगा है जिसकी वजह से गेटमैन के सर और पैर में चोट आयी है। कार के सामने उत्तर प्रदेश सरकार की नेमप्लेट रखी है और पीछे भी उत्तर प्रदेश सरकार लिखा था। इससे यह साफ जाहिर होता कार किसी सरकारी अधिकारी या ऑफिस से सम्बंधित है। राजधानी एक्सप्रेस से टकराकर कार इतनी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है कि कार का इंजन बॉडी से निकलकर पूरी तरह बिखर गया है। हादसे को देखर यह सवाल उठ रहा है कि कार में सवार सभी लोग सुक्षित कैसे बच गए। गेटमैन लालचंद मौर्या का दावा है कि कार में सवार लोगों को रोकने की कोशिश की गई लेकिन वह फाटक तोड़कर आगे बढ़ने लगे। कार में तीन से चार



लोग सवार थे। गेटमैन ने बताया कि रात में ही घटना की सूचना रेल अफसरों को दे दी गई थीं। अफसरों ने घटनास्थल का दौरा भी किया है। घटनास्थल का दौरा करने वालों में पीडब्ल्यूआई विक्की यादव और विमल कुमार और टीआर डी इंचार्ज शामिल हैं। सुरक्षा के लिहाज से ट्रेनों का परिचालन काशन देकर चलाया जा रहा है। रेल फाटक पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। सुरक्षा के मद्देनजर नजर रेल पुलिस बल को लगा दिया गया। घटना स्थल पर तैनात आरपीएफ उपनिरीक्षक सियाराम ने बताया कि राजधानी एक्सप्रेस से कार के टकराने की वजह से यह हादसा हुआ। लेकिन हादसे में किसी की जान नहीं गयी है। रेल हादसे में कैसे बच गए कार में सवार लोग ? राजधानी एक्सप्रेस से टकरायी कार को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं कि कार में सवार लोग कैसे बच गए। कहा गया है कि जाको राखे साइयां मार सके ना कोय...। लेकिन घटना स्थल पर मौजूद लोग और सूत्रों का दावा है कि हादसे में कुछ तथ्य छुपाए जा रहे हैं। शुक्रवार को समापर की खुदाई की गयी थी। जिसकी वजह से समपार को पूरी तरह से गिट्टी और कोलतार से भरा नहीं गया था। रात में कार गुजरते वक्त रेल ट्रैक में फंस गयी। उसे निकालने की कोशिश की गयी लेकिन उसी दौरान राजधानी एक्सप्रेस के गुजरने की वजह से हादसा हो गया। जबकि हादसे से पूर्व कार सवार सभी लोग उतर गए और तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से कार ध्वस्त हो गयी। सवाल उठता है कि अगर ऐसी बता रही तो गेटमैन ने ट्रेन को रोकने की सूचना क्यों नहीं दी। हालांकि गेटमैन लालचंद मौर्या का दावा है कि निर्माण कार्य के बाद ट्रैक को दुरुस्त कर दिया गया था। उसमें कार कार फंसने का सवाल ही नहीं होता है। इस संबंध में जिम्मेदार रेल अधिकारियों से बात करने की कोशिश की लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## अक्टूबर से महंगाई का नया डोज : सरकार ने गैस के दाम में की रिकॉर्ड बढ़ोतरी

गोरखपुर मएडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : अक्टूबर के महीने में महंगाई का नया डोज मिलने वाला है। दरअसल, नेचुरल गैस की कीमतों में 40 प्रतिशत की रिकॉर्ड बढ़ोतरी कर दी गई है। इससे देश में बिजली उत्पादन, उर्वरक बनाने और वाहन चलाने में इस्तेमाल होने वाली गैस




महंगी हो जाने की आशंका है। आपको बता दें कि नेचुरल गैस उर्वरक बनाने के साथ बिजली पैदा करने के लिए एक प्रमुख कच्चा माल है। इसे सीएनजी में भी बदला जाता है और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) यानी रसोई गैस के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। सीएनजी–पीएनजी के बढ़ेंगे दामः नेचुरल गैस की दरों में भारी वृद्धि से सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी होने की आशंका है, जो पहले से ही पिछले एक साल में 70 प्रतिशत से अधिक बढ़ चुकी हैं। गैस की कीमतें मुद्रास्फीति को और भी बढ़ा सकती हैं जो पिछले आठ महीनों से आरबीआई के संतोषजनक स्तर से ऊपर चल रही है। महंगाई को कंट्रोल करने के लिए आरबीआई लगातार रेपो रेट में बढ़ोतरी कर रहा है। यहां नहीं पड़ेगा असरः इससे बिजली पैदा करने की लागत में भी वृद्धि होगी लेकिन उपभोक्ताओं को कोई बड़ी परेशानी नहीं होगी क्योंकि गैस से पैदा होने वाली बिजली का हिस्सा बहुत कम है। इसी तरह, उर्वरक उत्पादन की लागत भी बढ़ जाएगी लेकिन सरकार की तरफ से ऊर्वरक सब्सिडी देने से दरों में वृद्धि की संभावना नहीं है। हालांकि इस फैसले से उत्पादकों की आय में वृद्धि होने की संभावना है।

## विसर्जन स्थल ऐमीघाट पर जलकुंभियों का भंडार : कैसे करेंगे मूर्ति विसर्जन

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : विकासशील इंसान पार्टी के जिलाध्यक्ष ने बताया कि आज नवरात्रि का पांचवा दिन है लेकिन प्रशासन नही दे रहे है ध्यान इस स्थिति में सभी माँ के भक्तों को इस बार बडी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है ठीक उसी स्थल पर एक भैस उसी में फंस कर मरी पड़ी हुई है जलकुम्भी अधिक होने के कारण उसमे पानी पीने जानवर जो जाते है उसी में फसकर अपना दम तोड़ देते हैं मै प्रशासन से अपील करना चाहते हैं कि इस तमसा नदी ऐमीघाट की जलकुंभी को जल्द से जल्द साफ कराये मरे हुये पशु हटाये जाये जिससे मूर्ति विसर्जन किया जा सके यहाँ कई सालों से पुरानी परम्परा अनुसार अलग अलग क्षेत्रों से 100 मूर्तिया लेकर विसर्जित के लिये आते है लेकिन इस बार हमें लगता है कि सिर्फ और सिर्फ नाम मात्र का घाट बनकर रह जाएगा और मूर्तियों का विसर्जन नही हो पायेगा। तमाम क्षेत्र वासियों ने बताया कि ऐसा पहली बार हो रहा है कि प्रशासन हाथों पर हाथ रखकर बैठा हुआ है।

## सोहावल मे सरकारी जमीनो पर अवैध कब्जो की आई बाढ़

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : अवैध कब्जा अतिक्रमण के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान मे जिम्मेदार अधिकारियो की लापरवाही से अवैधा कब्जा की बाढ आ गई है। अधिकारी यदि शुरूआत मे ही सख्त कदम उठाते तो आज यह दिन न देखना पडता। ढिलाई के चलते अतिक्रमण कारियो ने टोल प्लाजा और एन एच 27 की सरकारी भूमि पर मकान दुकान का निर्माण करा लिया है। जिसके कारण विभागीय कर्मचारियो अधिकारियो को अब उसे खाली कराने मे पसीने छूट रहे है और परेशानी उठाना पड़ रहा है। यह वाकया सामने सभी को दिखाई पड़ रहा है परन्तु इस पर कोई प्रभावी कार्रवाई करने की जहमत नही उठाना चाहते है और इसकी किसी को बताने की आवश्यकता नही है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जीवन में मेरा मेरा करके मर जानें से बेहतर है तेरा तेरा करके तैर जाना।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## आतंक पर कड़ा प्रहार है पीएफआई पर प्रतिबंध :मृत्युंजय दीक्षित (विश्व संवाद केन्द्र के समीक्षक)

केंद्र सरकार ने आतंक के खिलाफ कड़ा कदम उठाते हुए देश के अंदर रहते हुए देश विरोधी गतिविधियां संचालित करने वाले कुख्यात संगठन पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) व उसके सहयोगी संगठनों रिहैब इंडिया फाउंडेशन , कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया, ऑल इंडिया इमाम काउंसिल, एनसीएचआरओ, नेशनल वीमेन फ्रंट, जूनियर फ्रंट, एम्पावर इंडिया फाउंडेशन, रिहेब फाउंडेंशन (केरल) को पांच साल के लिए उप्पा कानून के अंतर्गत प्रतिबंधित कर दिया गया है। केंद्र सरकार द्वारा जारी की गयी सूचना के अनुसार अब राज्य सरकारें भी पीएफआई व उसके सहयोगी संगठनों के सदस्यों व समर्थकों पर बेहिचक कड़ी कानूनी कार्यवाही कर सकती हैं और राज्य स्तर पर भी प्रतिबंध लगा सकती हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय है क्योंकि पीएफआई की गतिविधियां दिन प्रतिदिन राष्ट्रघाती होती जा रही थीं । स्मरणीय है कि वर्ष 2012 में जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे उस समय भी एनआईए ने पीएफआई को प्रतिबंधित करने की मांग की थी लेकिन तब मुस्लिम तुष्टिकरण में संलिप्त मनमोहन सरकार ने एनआईए की मांग को दबा दिया था । केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा गजट किये जाने के बाद इस विषय पर दुर्भाग्यपूर्ण राजनीति भी प्रारंभ हो गई है। यह बहुत ही दुखद बात है कि जो संगठन राष्ट्र तथा समाज के लिए खतरा बन गये थे आज उन संगठनों के साथ कांग्रेस, सपा सहित कई सेकुलर दल खड़े दिखाई पड़ रहे हैं। जब पीएफआई व उसके सहयोगी संगठनों के खिलाफ देश की जांच एजेंसियां छापामार कार्यवाही कर रही थीं और लोगों की गिरफ्तारियां की जा रही थीं उस समय भी सेकुलर दलों के यह लोग मुस्लिम तुष्टिकरण के नाम पर उसका विरोध कर रहे थे । पीएफआई पर बैन लगने के साथ ही आज सेकुलर दलों के नेताओं के चेहरों से सारी मुस्कान छिन गयी क्योंकि अब इन दलों के वे सभी षड्यंत्र खुलने जा रहे हैं जो वह पीएफआई जैसे संगठनों के बल पर रच रहे थे। एनआईए को पीएफआई के खिलाफ पक्के सबूत मिले हैं जिसमें र विस्फोटक कैसे बनाएं जैसे सीक्रेट चौट वाले दस्तावेज शामिल हैं। पीएफआई के काडर आतंकी और हिंसक गतिविधियों में शामिल रहे हैं और उनके आईएसआईएस जैसे आतंकी संगठनो से संबंध हैं, ये एक समुदाय को कट्टर बनाने का गुप्त एजेंडा चला रहे थे। ऐसे तमाम साक्ष्यों के आधार पर इन संगठनों पर पांच साल का प्रतिबंध लगाया गया है। जब देश के अलग –अलग हिस्सों में दंगों, हिंसा और राजनैतिक हत्याओं में पीएफआई का नाम आता रहा है उस समय कांग्रेस का साथ पीएफआई के साथ जाना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण व शर्मनाक स्थिति है। समाजवादी पार्टी के मुस्लिम सांसद व कांग्रेस के सांसद ही नहीं अपितु कई क्षेत्रीय दलों के नेता भी बड़ी बेशर्मी के साथ आतंक के खिलाफ कदमों का विरोध कर रहे हैं और आरोप लगा रहा है कि केंद्र सरकार लोगों का ध्यान मुददों से भटका रही है । और तो और बिहार में चारा घोटाले के सबसे बड़े आरोपी तथा जमानत पर बाहर बैठे लालू यादव जैसे नेता पीएफआई पर प्रतिबंधों का विरोध और संघ पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहे हैं। स्पष्ट है कि यह नेता मुस्लिम वोटबैंक के लालच में देश की सुरक्षा व अखंडता के साथ भी खिलवाड़ करते रहेंगे ऐसे तथाकथित नेता जेल के अंदर ही रहें तो ही देश के लिए अच्छा रहेगा। पीएफआई का विवादों से गहरा नाता रहा है। देश के अलग –अलग हिस्सों में दंगा, हिंसा दृआगजनी, पत्थरबाजी और राजनैतिक हत्याओं में इस संगठन का नाम आता रहा है। उत्तर से दक्षिण भारत तक जब भी कोई बड़ी हिंसा या हत्या हुई है तब पीएफआई का नाम ही सामने आता है। हाल के दिनों में गई छापामारी से कई सनसनीखेज जानकारियां मिली हैं। पॉपुलर फ्रंट आफ इंडिया यानी पीएफआई अपने सहयोगी संगठनों के साथ मिलकर 2047 में भारत का इस्लामीकरण करने का षड़यंत्र रच रहा था जिसका खुलासा बिहार में फुलवारी शरीफ सहित कई जिलों में एनआईए की ओर से की गई छापामारी में प्राप्त दस्तावेजों से हुआ तथा उसके बाद पीएफआई के खिलाफ और तेजी से कार्यवाही की गई है। यह भी खुलासा हुआ है कि पीएफआई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व बीजेपी के कई नेताओं, मुख्यंमत्रियों, सहित संघ व विश्व हिंदू परिषद के नेताओं की हत्या की साजिश रच रहा था। पीएफआई ने अभी हाल ही में केरल के कोझीकोड मे एक रैली निकाली थी जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा व संघ विरोधी नारे लगाये गये थे । साथ ही एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें एक छोटा लड़का हाथ में पीएफआई का झंडा लेकर अयोध्या में फिर से बाबरी मस्जिद बनाने की बात कह रहा था। देश की राजधानी दिल्ली में सीएए विरोधी प्रदर्शन, शाहीन बाग हिंसा और जहांगहीपुरी हिंसा से लेकर रामनवमी के अवसर पर देश के कई हिस्सों में जो हिंसा हुई थी उन सबकी साजिश के पीछे पीएफआई ही था। किसान आंदोलन व उसमें हुई हिंसा में भी पीएफआई का ही कनेक्शन पता चल रहा है। राजस्थान की करौली हिंसा ,कानपुर व उप्र के कई जिलों में हुई हिंसा में भी पीएफआई का ही हाथ रहा है। इस बात के भी सबूत मिल रहे हैं कि विश्व विद्यालयों में "हम लेकर रहेंगे आजादी" के जो नारे लगाए जा रहे थे उसमें भी पीएफआई अपने संहयोगी संगठन सी एफ आई के माध्यम से संलिप्त रहा है। भारत में हिजाब विवाद को भड़काने में भी पीएफआई का हाथ रहा है। अभी बीजेपी प्रवक्ता नूपुर शर्मा के तथाकथित बयान को लेकर जो विरोध प्रदर्शन हुए उसमें भी पीएफआई का हाथ था और इस विवाद की आड़ में राजस्थान के कन्हैयालाल से लेकर महाराष्ट्र मे उमेश कोल्हे तक जितनी भी हत्याएं हुईं उनमें भी पीएफआई ही शामिल है । पीएफआई के कार्यकर्ता कई आतंकवादी गतिविधियों के साथ 27 निर्दोष लोगों की हत्या में भी शामिल रहे हैं। इनमे संजीत, नंदू ,अभिमन्यु, बिबिन (केरल) शरथ, आर. रूद्रेश, प्रवीण पुजारी और प्रवीण नेत्तारू (कर्नाटक) और तमिलनाडु में शशि कुमार जैसे युवाओं की हत्या में भी यह संगठन शामिल रहा है। पीएफआई की आपराधिक व आतंकी गतिविधियों का इतिहास बहुत पुराना है तथा वर्ष 2012 में ही केरल की कांग्रेस सरकार ने हाईकोर्ट में बताया था कि हत्या के 27 मामलों में इस संगठन का सीधा हाथ है इनमें से अधिकतर मामले संघ और सीपीएम के कार्यकर्ताओं की हत्या से जुड़े थे। तब सरकार ने कोर्ट में बताया था कि यह पीएफआई और कुछ नहीं अपितु प्रतिबंधित संगठन स्टूडेंटस इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) का ही नया रूप है। इस संगठन के अलकायदा और तालिबान जैसे आतंकी संगठनों से लिंक होने के भी आरोप लगते रहे हैं। वर्ष 2014 में भी केरल सरकार ने हाईकोर्ट में बताया था कि एनडीएफ और पीएफआई के कार्यकर्ता 27 सांप्रदायिक हत्याओं और 86 हत्याओं के प्रयास और राज्य में दर्ज 106 सांपद्रायिक मामलों में शामिल रहा है। आबिद पाशा नाम के एक बढ़ई को हत्या के छह मामलों में गिरफ्तार किया गया था। नवंबर 2017 में केरल पुलिस को पता चला था कि संगठन के छह युवा आईएसआईएस जैसे कुख्यात संगठन में शामिल हो गये थे। यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है कि आज उसी केरल के तथाकथित सेकुलर नेता पीएफआई पर प्रतिबंधों का विरोध और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को प्रतिबंधित करने की मांग कर रहे हैं। विदेशी फंडिंग के बल पर भारत में धर्मांतरण व लव जेहाद को फैलाने की साजिश भी यह संगठन रचता रहता था। देश में लव जेहाद को फैलाने के लिए युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए दस लाख रूपए तक की रकम दी जाती थी। वर्ष 2020 में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों में पीएफआई ही शामिल था और फंडिंग की व्यवस्था भी इसी संगठन की ओर से की गई थी। अभी हाल ही में निजामाबाद जिले में ऐसे 25 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गयी जो लोग धर्म के नाम पर हिंसा को बढ़ावा देना चाह रहे थे और इसके लिए जूडो कराटे की ट्रेनिंग भी दी जा रही थी। उत्तर प्रदेश में हाथरस हिंसा में भी पीफआई सक्रिय रहा था और इसके सहयोगी संगठन एसडीपीआई के नेता मोहम्मद बेग और पीएफआई के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद वसीम के साथ ही इससे जुड़े अन्य लोगों ने व्हाटसएप ग्रुप बना रखे थे । इन ग्रुपों में लखनऊ बाराबंकी बहराइच गोंडा उन्नाव मथुरा काशी के अलावा पूर्वांचल व पश्चिमी उप्र के कई जनपदों और बिहार के सीमांचल तक के युवा जुड़े थे। उन्हें जेहाद और कटटरता का पाठ पढ़ाया जाता था। यह खुलासा इन लोगों के मोबाइल से हुआ है। ये लोग गैर मुस्लिम धर्मों के लिए आग उगलते थे और गैर मुस्लिम महिलाओं को अपने साथ जोड़ने पर बल देते थे ताकि उनका धर्म परिवर्तन कराया जा सके। अभी हाल ही मे ज्ञानवापी विवाद में भी यह संगठन कूद पड़ा था और वहां प्राप्त शिवलिंग को फव्वारा बताकर समाज का वातावरण बिगाड़ने की भरपूर कोशिश की थी। पीएफआई से सम्बद्ध कुछ युवाओं ने ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर उर्स आदि करने के लिए याचिका भी लगा रखी है। यह संगठन राजनीति और न्यायपालिका के अंदर भी अपनी पैठ बनाने का प्रयास कर रहा था और उसमें कुछ हद तक सफल भी हो रहा था। इस संगठन के राजनैतिक ग्रुप के कई लोग चुनाव लड़ भी चुके हैं तथा राजनैतिक बयानबाजी में ही माहिर हैं। यह संगठन अपने आपको दलितो व अल्पसंख्यकों का सबसे बड़ा हितैषी मानता है और खाड़ी के देशों में अपना एक समाचार पत्र भी निकालता है जिसमें वह भारत में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों की झूठी कहानियां, लेख व समाचार आदि परोसता है। आज मुस्लिम वोटबैंक की लालच में देश के सेकुलर दल पीएफआई के लिए आंसू बहा रहे हैं। यह वही लोग हैं जो बाटला हाउस एनकाउंटर में भी रोये थे और याकूब मेनन को बचाने के लिए रात में सुप्रीम कोर्ट की चौखट तक पहुंच गये थे। जिन विरोधी दलों के कई नेता आज जमानत पर बाहर घूम रहे हैं उन सभी का हाथ पीएफआई के ही साथ दिखाई पड़ रहा है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## मृतक किसान के परिजनों पर सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप : स्वास्थ्य कर्मियों ने की स्वास्थ्य सेवाएं बंद

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पिहानी क्षेत्र के बूढा गांव निवासी मृतक किसान रमेश सिंह हत्या में सीएचसी पर परिजनों पर हंगामा काटने व सरकारी कार्य का आरोप स्वास्थ्यकर्मियों ने लगाया। दो दर्जन से अधिक स्वास्थ्य कर्मियो के सेवाएं बंद करने से मरीजों को खासी समस्याओं का सामना करना पड़ा। सीएचसी के कर्मचारी बवाल काटने वाले परिजनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। वहीं दूसरी तरफ मुख्य चिकित्सा अधिकारी व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ जितेंद्र श्रीवास्तव स्वास्थ्य कर्मियों को मनाने में जुटे रहे। कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी ने सीएचसी पहुंचकर स्वास्थ्य कर्मियों से तहरीर लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। स्वास्थ्य कर्मी श्रवण कुमार ,वीरेंद्र ,देवेंद्र ,नितीश ,शिवानी, रूबी ,पारुल लक्ष्मी मिश्रा ,अपूर्व आदि स्वास्थ्य कर्मियों ने आरोप लगाया है कि दिनांक 29. 09.2022 समय रात 08:25 पर रमेश सिंह पुत्र प्रताप सिंह उम्र 27 वर्ष निवासी बूढा गांव ब्लाक हरियावां थाना पिहानी को गोली लगी हुई लाया गया। मरीज को ड्यूटी पर उपस्थित फार्मासिस्ट स्ट्रेचर पर स्वयं लेकर इमरजेंसी वार्ड में लेकर आये। ड्यूटी पर उपस्थित चिकित्सा अधिकारी डा० आमिर अहमद ने 30 सेकेण्ड के अन्दर परीक्षण करते हुए मरीज को मृत घोषित कर दिया। इतना सुनते ही मरीज के तीमारदार व अन्य भड़क गये। चिकित्सक व स्टॉफ के साथ अत्यधिक गाली–गलौज करने लगे व मरीज को स्ट्रेचर पर लेकर भागने लगे, मौके पर मौजूद कर्मचारियों व गार्ड ने उन्हें रोकने का बहुत प्रयास किया, परन्तु वह रूकने को तैयार नहीं हुए। वह लोग लगभग 150 से 200 तक की संख्या इकट्ठा करके बहुत ज्यादा हंगामा व गाली–गलौज करते रहे। सामु०स्वा० केंद्र के कैमरा फुटेज में स्पष्ट है कि लाल कुर्ता व काली टी–शर्ट पहने व्यक्ति ने चिकित्सालय में चिकित्सक व अन्य मौके पर उपस्थित स्टॉफ से गाली–गलौज व चिकित्सालय परिसर में तोडफोड की। डाक्टर व स्टॉफ ने किसी तरीके से चिकित्सालय परिसर में ही छिपकर अपनी जान बचायी। सामु०स्वा० केन्द्र के कैमरा फुटेज में साफ तौर पर देखा जा सकता है, कि इकट्ठी भीड़ में से कई व्यक्ति चिकित्सालय के एक–एक कमरे में जाकर तैनात डाक्टर व स्टॉफ को मारने के लिए ढूँढने लगे। सीएच सी पर तैनात डॉक्टर जुबेर ने बताया कि इमरजेंसी वाहन सेवा 108 व 102 से ग्राम दानपुर श्रीमती प्रतिमा पत्नी शेर सिंह, व ग्राम जलालपुर श्रीमती प्रियंका पत्नी धर्मेन्द्र को प्रसव हेतु स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया गया, किन्तु उनके उपचार में उपद्रव कर राजकीय कार्यों में बाधा उत्पन्न की गयी ।किसी प्रकार उक्त का प्रसव कराया गया ।उपरोक्त को दृष्टिगत रखते हुए ऐसी विषम परिस्थितियों में चिकित्सक व स्टॉफ के द्वारा जान को खतरे में डालकर व ऐसे टूटे मनोबल से चिकित्सीय सेवायें दे पाना सम्भव न होगा। स्वास्थ्य कर्मियों ने मांग की है किअज्ञात लाल कुर्ता व काली टी–शर्ट व्यक्तियों के विरूद्ध उत्तर प्रदेश मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट 2013 की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करके कठोरात्मक कार्यवाही करें। जिससे कि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो तथा चिकित्सक व स्टॉफ भयमुक्त होकर जनमानस को स्वास्थ्य सेवायें प्रदान कर सके।

## चरित्र पर संदेह में पत्नी की कुल्हाड़ी से निर्मम हत्या : सिर व चेहरे पर किए ताबड़तोड़ वार

जालौन ब्यूरो : जालौन जिले में रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम हिम्मतपुर में चारित्रिक संदेह में पति ने 43 वर्षीय पत्नी की कुल्हाड़ी से काट कर निर्मम हत्या कर दी। रामप्रकाश यादव पुत्र नत्थू सिंह यादव (पूर्व प्रधान) ने घर में अपने सात वर्षीय पुत्र के साथ सो रही पत्नी संगीता देवी (43) की कुल्हाड़ी से गर्दन, सिर और चेहरे पर ताबडतोड़ वार कर निर्मम हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि पति रामप्रकाश (60) और पत्नी संगीता देवी की उम्र में अधिक अंतर होने से पति को पत्नी के चरित्र पर संदेह रहता था। इस कारण दोनों में कई बार झगड़ा भी हुआ। शुक्रवार रात लगभग 12 बजे जब पूरा गांव और घर के सभी सदस्य गहरी नींद के आगोश में डूबे थे। संगीता देवी भी अपने सबसे छोटे पुत्र 7 वर्षीय कृष्णा के साथ घर के अंदर सो रही थी। उसी समय पति ने उस पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर मरणासन्न कर दिया। अपनी मां के खून से लथपथ पुत्र कृष्णा मदद के लिए चीखने लगा। आवाज सुन परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो खून



में सनी संगीता देवी को आनन–फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा ले गए। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। पुलिस ने पुत्रों से प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पेट्रोल पंप मालिक को अगवा करने का मामलाः ब्लैक फॉर्च्यूनर कार जब्त : मालिक की तलाश में दबिश जारी

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के तरना भेल स्थित पेट्रोल पंप संचालक के अपहरण मामले में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने फॉर्च्यूनर गाड़ी को भी देर रात जब्त कर लिया। वहीं, गाड़ी मालिक और आरोपी उसके भाई दिलीप की तलाश में शिवपुर पुलिस दबिश दे रही है। रेस्टोरेंट के बाहर नशे में धुत होकर हंगामा करने से टोकने पर मनबढ़ों ने पंप संचालक को इसी फॉर्च्यूनर गाड़ी में अगवा करने का प्रयास किया था। ब्लैक कलर की यह गाड़ी दौलतपुर पांडेयपुर के रहने वाले प्रदीप सिंह के नाम से है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में लालपुर–पांडेयपुर थाना अंतर्गत मढ़वा का रहने वाला रामजी त्रिपाठी उर्फ रामा, जैतपुरा का मुकेश और श्रीनगर पहाड़िया का रहने वाला संजय है। जबकि चौथा आरोपी दिलीप सिंह दौलतपुर भक्तिनगर का रहने वाला है। फॉर्च्यूनर दिलीप के भाई के नाम से है। शिवपुर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश यादव के अनुसार तरना में कलकत्ता पेट्रोल पंप संचालक विवेकानंद सिंह का रेस्टोरेंट भी है। गुरुवार रात फॉर्च्यूनर से चार लोग शराब के नशे में धुत होकर रेस्टोरेंट के बाहर हंगामा करने लगे। टोकने पर रेस्टोरेंट संचालक को अगवा करने का प्रयास किया। कर्मचारियों की जुटने पर घिरता सभी भाग निकले। पंप पर लगे सीसी कैमरों की फुटेज में अगवा करने की घटना कैद है।

## जिलाधिकारी ने किया संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

जौनपुर सू.वि. : जिले में शनिवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान की जन जागरूकता रैली निकाली गई। इसका शुभारंभ जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने किया। यह रैली राजकीय टीबी चिकित्सालय से निकल कर अंबेडकर तिराहा होते हुए वापस राजकीय टीबी चिकित्सालय तक गई। रैली के दौरान लोगों को स्वच्छता माह के बारे में जानकारी दी गई साथ ही आसपास साफ–सफाई रखने के लिए प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान में घर के अंदर और बाहर साफ–सफाई रखने, शुद्ध पेयजल का उपयोग करने, घर में बने शौचालय में शौच करने और संचारी रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया आदि बचाव के बारे में लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। सात अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलेगा। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर–घर दस्तक देकर सभी व्यक्तियों की बुखार, सर्दी–जुकाम, कुपोषित बच्चों, टीबी के लक्षण युक्त लोगों की स्क्रीनिंग करेंगी साथ ही मच्छरों के प्रजनन स्रोत वाले घरों को चिह्नित किया जाएगा। चिह्नित घरों में प्रभावित लोगों की जांच होगी। उनका तत्काल इलाज किया जाएगा। इस दौरान आशा और आंगनबाड़ी



कार्यकर्ता भ्रमण किए गए 10 घरों पर किसी एक घर पर दस्तक का पोस्टर लगाएंगी। जिलाधिकारी ने लोगों से घरों के अंदर तथा बाहर बड़े पैमाने पर साफ–सफाई कर अभियान को सफल बनाने की अपील की। साथ ही दस्तक अभियान के दौरान घरों पर पहुंचने वाली टीमों को पूर्ण और सही जानकारी देने के लिए कहा। रैली में स्वच्छता और छिड़काव से संबंधित उपकरणों को झांकी के तौर पर पेश किया गया। सड़क के दोनों किनारों की सफाई तथा नालियों में दवा का छिड़काव किया गया। संचारी एवं दस्तक अभियान से संबंधित सभी विभागों के प्रतिनिधियों ने अपने प्रचार वाहनों और प्रचार सामग्री के साथ रैली में भाग लिया। यातायात अव्यवस्थित होने से बचाने के लिए यातायात पुलिस ने सहयोग किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ0 लक्ष्मी सिंह, एसीएमओ तथा नोडल अधिकारी डॉ0 एसपी मिश्रा, एसीएमओ एससी वर्मा, जिला मलेरिया अधिकारी (डीएमओ) भानु प्रताप सिंह, जिला सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक (डीसीपीएम) मोहम्मद खुबैब रजा, नगर विकास, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार (आईसीडीएस), कृषि, पशुपालन सहित अन्य विभागों के अधिकारियों, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) से संदीप सिन्हा, यूनीसेफ की डीएमसी गुरदीप कौर और बलवंत सिंह, क्षेत्रीय आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य लोग शामिल हुये शामिल हुए।

## संचारी रोग नियंत्रण के लिये छात्र छात्राओं को किया गया जागरूक

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : विकास क्षेत्र भरखनी के अंतर्गत पाली नगर स्थित सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कॉलेज में शनिवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पाली पीएचसी से पधारे बीसीपीएम राजीव कुमार सिंह एवं बीएमसी यूनिसेफ कल्पना मिश्रा ने प्रार्थना स्थल पर उपस्थित सभी छात्र/छात्राओं को संचारी रोग नियंत्रण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने संचारी रोगों से बचाव एवं उनके उपायों के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि संचारी रोग मच्छरों के माध्यम से फैलने वाली बेहद खतरनाक बीमारी है। संचारी रोग में मलेरिया, कालरा, चिकुनगुनिया, डेंगू ,टायफाइड आदि आते है। इस प्रकार के रोग सबसे ज्यादा गर्मी के मौसम में होना बताया। कहा कि हमारा देश गर्म जलवायु वाला देश है ।जब गर्मी का मौसम होता है तो उस समय छोटे–छोटे वैक्टीरिया और वायरस उतपन्न हो जाते है ।और गमी के मौसम में सबसे ज्यादा ये अपना असर दिखाते हैं ।इसलिए उन्होंने मच्छरों से बचाव के प्रति सभी को अत्यंत सावधानी बरतने की हिदायत दी। संचारी रोग एक दूसरे के माध्यम से फैलते हैं ।खासकर मच्छरों के माध्यम से ये रोग ज्यादा फैलने की संभावना रहती है। मच्छरों से बचाव के लिए उन्होंने फुल कपड़े,मच्छर दानी,अपने घर के आसपास पानी को इकट्ठा न होने दें की जानकारी देते हुए कहा कि यदि घर के आसपास पानी भरा हुआ है तो उसमें डीजल का छिड़काव करें ,जिससे मच्छरों के लार्वा खत्म हो जाते हैं और उनके काटने का प्रभाव कम हो जाता है ।टायफाइड रोग के बारे में उन्होंने बताया कि ये रोग दूषित जल और दूषित भोजन से होता है इसलिए गर्मियों में वासा भोजन और दूषित जल का प्रयोग बिल्कुल न करें। बीएमसी यूनिसेफ कल्पना मिश्रा ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि खुली चीजों का प्रयोग बिल्कुल न करें ।जैसे यदि पानी भरा रखा है और खुला है तो बिल्कुल भी न पीयें। अपने खाने पीने वाली चीजों का प्रयोग करने से पहले ध्यान





दें कि खाने वाली चीजों पर कहीं मक्खियां तो नहीं बैठ रहीं हैं। इस बात का विशेष ध्यान रखें। वासा भोजन व दूषित जल का प्रयोग से बचें ।उन्होंने संचारी रोग से बचाव के लिये फुल आस्तीन के कपड़े ,मच्छर दानी आदि का प्रयोग के साथ– साथ साफ– सफाई पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया साथ ही उन्होंने बताया कि यदि आपके घर में पंखा,कूलर बहुत दिनों से साफ नहीं हुये है उनकी हमें समय समय पर साफ– सफाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अभी तक जिस बच्चे को दिमागी बुखार का टीका नहीं लगा है उसके लिये विद्यालय स्तर पर टीकाकरण का कैंप लगाकर सभी को लाभान्वित किया जायेगा ।इस अवसर पर शिक्षक सोनू कुमार ने नशा मुक्ति के संबंध में सभी छात्र/छात्राओं को शपथ दिलाई ।साथ ही बच्चों के माध्यम नशा मुक्ति को लेकर अपने घर और समाज को जागरूक करने के लिए उन्हें प्रेरित किया ।इस अवसर पर कालेज के बच्चे एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के अतिरिक्त समस्त विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा।

## सीएम आवास पर आधी रात फोन करके वाराणसी कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की दी धमकी

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के फुलवरिया पहलुपुरा से आधी रात को मुख्यमंत्री आवास पर फोन कर कचहरी परिसर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई तो कमिश्नरेट पुलिस हलकान हो गई। कैंट पुलिस ने धमकी वाले नंबर को ट्रेस किया। पुलिस ने सब्जी विक्रेता के परिजनों को हिरासत में लिया। परिजनों के अनुसार उनका मोबाइल गुरुवार को घर से चोरी हो गया था। पड़ोसियों पर शरारत का आरोप लगाया गया है। पुलिस के अनुसार फोन करने वाले ने वाराणसी के संवेदनशील मुद्दे को जोड़ते हुए कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी दी। इसकी जानकारी रात में ही सीएम आवास से वाराणसी कमिश्नरेट को दी गई। सूचना मिलते ही अफसरों के हाथ–पांव फूल गये। तत्काल नंबर के आधार पर इसका लोकेशन लिया गया। इसके बाद कैंट सर्किल के एसीपी के नेतृत्व में छानबीन शुरू हुई। टीम फुलवरिया के पहलुपुरा में पहुंची और सब्जी विक्रेता गुलाब सोनकर को हिरासत में लिया। पुलिस की पूछताछ में गुलाब ने बताया कि जिस नंबर से धमकी दी गई वह बेटी का मोबाइल है। परिवार के अन्य लोग भी उसका उपयोग करते है। बेटी ने बताया कि गुरुवार की देर शाम बरामदे में काम करने से दौरान किसी ने मोबाइल चोरी कर लिया था। भाई विकास और आकाश आए तो उन्होंने इसे पड़ोसियों की कारस्तानी बताया




और बाद में थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने की बात कहते हुए टाल दिया। गुलाब के अनुसार पड़ोसियों ने मोबाइल चोरी किया और फंसाने की नियत से मुख्यमंत्री आवास को फर्जी सूचना दे दी। पुलिस आयुक्त के अनुसार कॉल करने वाले के बारे में जानकारियां जुटाई जा रही हैं।

## इंटरनेशनल डे ऑफ ओल्ड पर्सन के रूप में मनाया गया वृद्धजन दिवस

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : संयुक्त राष्ट्र द्वारा दी गई थीम, दि–रेसिलियंस एंड कंट्रीब्यूशन ऑफ ओल्ड वूमेन के तहत शनिवार को राष्ट्रीय बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम (एनपीएचसीई) आयोजित किया गया। इंटरनेशनल डे–ऑफ ओल्ड पर्सन के रूप में मनाए गए दिवस के मौके पर आयोजित गोष्ठी में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया जिसमें काफी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर कर बुजुर्गों की देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम को लेकर 15 दिन का विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय नयागावं मुबारकपुर लखनऊ रोड, हरदोई के प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजेश कुमार तिवारी ने की। इस मौके पर सीएमओ ने कहा कि वृद्धजनों को प्यार और स्नेह की जरूरत होती है। सभी लोग अपने घर परिवार के बुजुर्गों का अच्छी तरह ख्याल रखें। उनके खाने–पीने और इलाज की उचित व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों में शुगर, सांस फूलने की बीमारी, खून की कमी, घुटनों और जोड़ों का दर्द जैसी कई बीमारियां उत्पन्न हो जाती हैं, लेकिन अस्पताल में इनका इलाज उपलब्ध है। बुजुर्गों के इलाज के लिए खासतौर से चिकित्सकों की टीम उपलब्ध रहती है। वृद्धजनों को देखभाल की आवश्यकता अधिक रहती है। कमजोरी के कारण वह स्वयं अपने आप को स्वस्थ नहीं रख सकते, इसलिए परिवार और समाज के लोगों की जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने वृद्धजनों का ख्याल रखें। उनके खानपान पर विशेष ध्यान दें।




समय–समय पर उनके स्वास्थ्य की जांच भी कराते रहना चाहिए, ताकि वृद्धजनों में होने वाली बीमारियों की जानकारी हो सके। उनके स्वास्थ्य को लेकर समय से उचित इलाज की जा सके। सीएमओ ने कहा कि समाज में वृद्धजनों का विशेष महत्व है। वह हमारे संरक्षक के रूप में होते हैं। इसलिए समाज की जिम्मेदारी बनती है, कि वृद्धजनों की देखभाल अच्छे से करें। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय हरदोई, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी, एनसीडी सेल, डा0 सुशील कुमार, समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त एनपीएचसीई कर्मचारी द्वारा एनसीडी स्क्रीनिंग कैम्प मे भाग लिया गया। कैम्प 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय हरदोई की डा0 अंजली रावत द्वारा मरीजो की स्क्रीनिंक कर उनको दवा उपलब्ध करायी गयी। जन मानस को जन–जागरूक करने के लिये प्रसार–प्रचार बीएमआई एंव हाईपरटेंशन, डायबिटीज के 50 मरीजो की जांच एंव उपचार किया गया।

# विद्यार्थी जीवन में हैं अनंत शक्ति और संभावनाएं उसका उपयोग करके अपने और समाज को आगे बढ़ाएं

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 'विद्यार्थी जीवन में अनंत शक्ति और संभावनाएं हैं। आवश्यकता इस बात की है कि विद्यार्थी उसका उपयोग करके अपने को और समाज को आगे बढ़ाएं। विद्यार्थी समय का सदुपयोग करें, क्योंकि जो समय बीत जाता है,वह वापस नहीं आ सकता।' उक्त उद्गार तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित प्रेरक व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत पूर्व कुलपति प्रोफेसर दुर्ग विजय सिंह चौहान ने व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि आगे बढ़ो और विश्व का कल्याण करो। ज्ञान के माध्यम से ही विश्व का कल्याण किया जा सकता है। संसार में जीत उसकी होती है जिसके पास ज्ञान है। संस्कृत में कहा गया है 'स्वदेशं पूज्यते राजा, विद्वान सर्वत्र पूज्यते' अर्थात राजा की पूजा केवल अपने देश में होती है किंतु विद्वान की पूजा सर्वत्र होती है। विद्या विनय प्रदान करती है। वेद के साथ–साथ लोक व्यवहार का ज्ञान होना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि बड़े लक्ष्य,अच्छे कार्य में बड़ी बाधाएं आती हैं। इसलिए बाधाओं से हमको घबराना नहीं चाहिए, उनका डट कर मुकाबला करना चाहिए और जो मुकाबला करके सफल हो जाते हैं, उन्हीं का दुनिया में नाम होता है। उन्होंने यह भी कहा कि ज्ञान का सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रकार से प्रयोग हो सकता है। सज्जन व्यक्ति के ज्ञान से समाज का कल्याण होता है और दुर्जन व्यक्ति के ज्ञान से समाज का नुकसान होता है। इसलिए ज्ञान होना तो जरूरी है ही किंतु सार्थक ज्ञान होना और भी जरूरी है। स्वागत उद्बोधन देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.आलोक कुमार सिंह ने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि वक्ता के उद्बोधन से प्रभावित होकर आप उनके जैसा बनें। विद्यार्थी वक्तव्य सुनकर उसे आत्मसात करें और अपने जीवन में उतारे। उन्होंने यह भी कहा कि महाविद्यालय के बलरामपुर सभागार में भारतीय संविधान पर प्रति सप्ताह दो व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। जिन विद्यार्थियों को भारतीय संविधान पढ़ना हो,वह उस व्याख्यान में आकर के लाभ ले सकते हैं। इससे पूर्व कार्यक्रम के प्रारंभ में अर्थशास्त्र विभाग के प्रो.आर.एन. ओझा ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। प्रो.सुबाष चंद बिशोई एवं डॉ महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डॉ.वेद प्रकाश सिंह ने कहा कि प्रोफेसर दुर्ग विजय सिंह चौहान किसी परिचय के मोहताज नहीं है, हम उनको पाकर धन्य हैं और उनके प्रति हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर जीडी दुबे ने किया। इस अवसर पर डॉ विशाल सिंह, डॉ अवनीश कुमार, डॉ नरेंद्र देव पाठक, डॉ शुभ्रा सिंह, डॉ लालचंद यादव, रितेश सिंह, चंद्र प्रकाश गिरि,ऊषा सिंह सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में एक लाख का इनामी ढेर : मुठभेड़ के दौरान सिपाही अजय सिंह भी गंभीर रूप से घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर थाना क्षेत्र के देवरिया गांव के पास शुक्रवार देर शाम पुलिस मुठभेड़ में एक लाख का इनामी बदमाश मारा गया।मुठभेड़ के दौरान चली गोलियां की तड़तड़ाहट से पूरा इलाका थर्रा उठा, मारे गए बदमाश के ऊपर लूट, हत्या डकैती समेत दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज थे। पुलिस उसकी सरगर्मी से तलास कर रही थीं। इस मुठभेड़ में एक सिपाही अजय सिंह भी घायल हुआ हैं।मारा गया बदमाश सरपतहां थाना क्षेत्र के छितमपट्टी गांव के रणजीत सिंह का पुत्र विनोद सिंह है। विनोद जौनपुर समेत पूर्वांचल के जिले को अपना कार्य क्षेत्र बनाकर लूट, हत्या और डकैती की घटनाओं को अंजाम देता था। इस मामले में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अजय साहनी ने मीडिया को बताया कि आज शाम बादलपुर थाने की पुलिस चेकिंग कर रही थी इसी बीच मुखवीर से सूचना मिल कि कुछ बदमाश भाग रहे है पुलिस ने संदिग्ध



ा को रोकने का प्रयास किया तो बदमाश गोलियां चलाते हुए भाग रहे थे जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाई , इस गोलीबारी की वारदात में एक सिपाही को गोली लगी लगी तथा एक बदमाश भी घायल हो गया। घायल बदमाश को आनन–फानन में पुलिस की गाड़ी से अस्पताल ले जाया गया। जहां बदमाश को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया , मारा गया बदमाश जौनपुर समेत आसपास के जनपदों लूट, हत्या की वारदातों को अंजाम देता था।इस पर एडीजी वाराणसी ने एक लाख रूपये का इनाम घोषित किया था।

# सीएमओ कार्यालय सभागार में 'वन हेल्थ जीरो डेथ' थीम पर मनाया गया रेबीज दिवस

जौनपुर सू.वि. : मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में बुधवार को विश्व रेबीज दिवस मनाया गया। इस दिवस की थीम–'' वन हेल्थ जीरो डेथ '' अर्थात '' जब स्वास्थ्य अच्छा होगा तो मौत नहीं होगी '' थी। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रही सीएमओ डॉ0 लक्ष्मी सिंह ने कहा कि रेबीज, एक ऐसी जानलेवा बीमारी है जिसमें मौत होने की आशंका सौ प्रतिशत रहती है। कुत्ता, सियार, लोमड़ी, बंदर या अन्य जानवर जिसके अंदर रेबीज होता है, उनके काट लेने से रेबीज होने की आशंका रहती है लेकिन दो वर्ष के भीतर किसी भी मरीज की रेबीज की वजह से मौत नहीं हुई है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ नरेन्द्र सिंह ने कहा कि जिन जानवरों के अंदर रेबीज का विषाणु होता है, उनके काटने के 24 घंटे के अंदर एंटी रेबीज का टीका लगवाना अनिवार्य है। आमतौर पर कुत्ते के काटने के शिकार बच्चे या उम्रदराज लोग बनते हैं। जो लोग अपने घरों में कुत्ते पालते हैं, उन्हें अपने कुत्ते को रेबीज का टीका अवश्य लगवा लेना चाहिए। कुत्ते के काटने पर यदि घाव बन गया है और खून निकल रहा है तो कटे हिस्से पर तेज प्रवाह के साथ पानी छोड़ना चाहिए। घाव को साबुन लगाकर 15 मिनट तक बहते पानी से धोना चाहिए। घाव पर किसी तरह का अन्य पदार्थ नहीं लगाएं। अन्धविश्वास से बचें और चिकित्सक से परामर्श लें। महामारी रोग विशेषज्ञ डॉ0 जियाउल हक ने कहा कि रेबीज वायरस से संक्रमित कुत्तों के कान नीचे लट जाते हैं और पूंछ सीधी या नीचे रहती है। ऐसे कुत्तों के मुंह से बहुत ज्यादा लार निकलती रहती है। कुछ ही दिन बाद उनकी मौत हो जाती है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल सहित जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर एंटी रेबीज का टीका उपलब्ध है। जानवरों के काटने पर मरीज को तत्काल नजदीकी सीएचसी पर जाकर रेबीज का टीका लगवा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुत्तों को खाने के समय छोड़ना नहीं चाहिए, इस स्थिति में वह काट लेते हैं। मादा, जब बच्चे देने वाली होती है या बच्चा पैदा होने के बाद ज्यादा काटती है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जनवरी से लेकर अब तक 71,564 लोगों को जानवरों ने काटा है। इसमें से 63,807 लोगों को कुत्ते ने काटा है। 2,429 लोगों को बंदर ने काटा है। 648 लोगों को सियार वह अन्य जानवर ने काटा है। वर्ष 2021 और 2022 में जानवरों के काटने से किसी की मौत नहीं हुई है। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ संतोष जायसवाल, डॉ सत्य नारायण हरिश्चंद्र, डाटा आपरेटर मनीष साहू, दीपक सिंह सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## 115 वर्षीय महारानी देवी को अपर जिलाधिकारी ने घर पर जाकर किया सम्मानित

जौनपुर सू.वि. : भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाता को सम्मान करने की कड़ी में अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद सिंह की पत्नी 115 वर्षीय महारानी देवी जो 366 जौनपुर विधानसभा की वरिष्ठ मतदाता है, को रासमण्डल स्थित उनके निवास स्थान पर जाकर भारत निर्वाचन आयुक्त महोदय का पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने कहा कि वैसे तो वरिष्ठजनों का सम्मान हर दिन, हर पल हमारे मन में होना चाहिए, लेकिन उनके प्रति मन में छुपे इस सम्मान को व्यक्त करने के लिए एवं बुजुर्गों के प्रति चिंतन की आवश्यकता के लिए औपचारिक तौर पर भी एक दिन 1 अक्टूबर निश्चित किया गया है। इस दिन अंतरराष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग ने वरिष्ठ मतदाताओं को सम्मानित करने के



लिए निर्देशित किया है जो कि एक बहुत अच्छी पहल है, आगे उन्होंने कहा कि वरिष्ठ मतदाताओं के बहुमूल्य अनुभवों से अन्य मतदाताओं विशेषकर युवाओं को जागरूक एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। इसलिए वरिष्ठ मतदाताओं की चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन विभाग सदैव प्रयासरत है। इस अवसर पर स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, डा0 विमला सिंह आदि उपस्थित रही।

# सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में 9473 एन0आई0एक्ट वादों का किया गया सफलतापूर्वक निस्तारण

जौनपुर सू.वि. : सचिव (पूर्णकालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक विक्रम ने अवगत कराया है कि माननीय कार्यपालक अध्यक्ष महोदय उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ, वरिष्ठ न्यायमूर्ति, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद तथा माननीय सदस्य सचिव, उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ संजय सिंह के निर्देशानुसार सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में एन. आई.एक्ट की धारा–138 के अधिकतम वादों के निस्तारण हेतु दिनांक 26, 27, 28 तथा 29.09.2022 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस विशेष लोक अदालत में सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश के न्यायालयों में 126805 वाद निस्तारण हेतु चिन्हित किये गये, जिसमें से सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में 9473 वादों का सफलता पूर्वक निस्तारण करते हुए पक्षकारों को लाभ प्रदान किया गया। उपरोक्त निर्देश के अनुक्रम में जनपद न्यायालय, जौनपुर में भी श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल, माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर की अध्यक्षता एवं सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर विवेक विक्रम के संचालन में 26 सितम्बर 2022 से 29 सितम्बर 2022 तक विशेष लोक अदालत का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें विभिन्न न्यायिक मजिस्ट्रेटगण द्वारा धारा–138 एन0आई0एक्ट के कुल 917 वादों को चिन्हित कर कुल 52 मामलोंको सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण कराया गया।

# 15वां विशाल मां भगवती जागरण आज

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आवास विकास परिषद की गोकुल ग्राम योजना प्रथम मुन्नू खेड़ा में 15वां विशाल मां भगवती जागरण आज होगा।




मालूम हो कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया है जिसमें भक्त अधिक से अधिक संख्या में आकर माता का आशीर्वाद लेंगे। उक्त जानकारी समाजसेवी अमित कुमार यादव ने दी।

# उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान '' के लिए 12 अक्टूबर तक करे आवेदन

जौनपुर सू.वि. : जिला प्रशासन ने अवगत कराया है कि वर्ष 2022–23 में उत्तर प्रदेश के ऐसे ख्यातिलब्ध महानुभावों, जिन्होंने विभिन्न विधाओं एवं कार्य क्षेत्रों यथा–कला एवं संस्कृति, विज्ञान व प्रौद्योगिकी आदि में अपने व्यक्तिगत प्रयासों से उत्कृष्टता के आयाम स्थापित करते हुए राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरव हासिल किया है, को '' उ0प्र0 गौरव सम्मान '' से अलंकृत किया जाना है।उन्होने बताया कि 'उ0प्र0 गौरव सम्मान' विभिन्न विधाओं एवं कार्यक्षेत्रों में – शास्त्रीय संगीत/लोक संगीत (गायन, वादन, नृत्य)/ललित कलायें/नाट्य विधायें/फिल्म व मीडिया, समाज सेवा, समाज कल्याण, युवा कल्याण, महिला कल्याण एवं दिव्यांग कल्याण, कृषि, उद्यान, दुग्ध विकास, गोसेवा, पशुपालन, वन एवं वन्यजीव तथा पर्यावरण संरक्षण आदि, उद्यमिता, कौशल विकास, रोजगार सृजन, स्वावलंबन, अन्य क्षेत्रों में (यथा शिक्षा, साहित्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, खेल इत्यादि के क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान करने वाले महानुभाव), जिन्हें स्क्रीनिंग समिति सुपात्र समझें आदि के क्षेत्रों में प्रदान किया जायेगा। उ0प्र0 गौरव सम्मान हेतु संबंधित विधाओं एवं विभिन्न क्षेत्रों के मूर्धन्य महानुभाव उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होने चाहिए। विभिन्न विधाओं/कार्य क्षेत्रों के ऐसे राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के ख्यातिप्राप्त महानुभाव, जिन्होंने अपनी प्रतिभा, दीर्घ साधना के आधार पर श्रेष्ठ उपलब्धि ा प्राप्त की हो। जिन्होने देश एवं विदेश में उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया हो। राज्य सरकार अथवा भारत सरकार से पूर्व में किसी अन्य राष्ट्रीय/राज्य पुरस्कार अथवा सम्मान प्राप्त महानुभाव को सामान्यतया इस पुरस्कार की पात्रता परिधि में नहीं रखा जायेगा। '' उ0प्र0 गौरव सम्मान '' के अन्तर्गत चयनित/पुरस्कृत कलाकार/महानुभावों को रु0 11.00 लाख (रु0 ग्यारह लाख मात्र) नकद धनराशि, अंगवस्त्र एवं ताम्रपत्र/मोमेन्टो भेंट स्वरुप प्रदान किया जाएगा। इच्छुक आवेदनकर्ता जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय विकास भवन से आवेदन पत्र लेकर अपना पूर्ण विवरण भरकर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय में 15 अक्टूबर 2022 तक 03 प्रतियों में जमा कर सकते हैं। उ0प्र0 गौरव सम्मान आवेदन पत्र संस्कृति विभाग, उ0प्र0 की वेबसाइट http%//upculture.up.nic.in/hi/gauravsamman से भी डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकते है।

# शिव सत्संग मंडल का अंतर्जनपदीय धर्मोत्सव कल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शिव सत्संग मण्डल का अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर अंतर्जनपदीय धर्मोत्सव 02 अक्टूबर सायं 08 बजे से परी मैरिज लॉन, हनुमातधाम रोड,शाहजहांपुर में आयोजित होगा।यह जानकारी देते हुए केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने बताया कि ध



र्मोत्सव का उद्घाटन समाजसेवी विनय अग्रवाल करेंगे। मण्डल के जिलाध्यक्ष डॉ कालिका प्रसाद के अनुसार इस धर्मोत्सव में मंडलाध्यक्ष आचार्य अशोक,प्रवचनकर्ता राजेश पाण्डेय,यमुना प्रसाद,प्रचारक प्रेम भाई,रवि कुमार वर्मा,राम अवतार,रवि लाल, हरिओम,रजनीश के अलावा भजनोपदेशक श्रीकृष्ण,राम चन्द्र आदि सम्मिलित रहेंगे। केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना एवं मोहित राजपूत के संयुक्त संचालन में होने वाले इस धर्मोत्सव में सात्विक प्रवृत्ति के धर्म प्रेमीजनों, सत्संगी बंधुओं एवं बहनों को आमंत्रित किया गया है।

# धूमधाम से मनाया जा रहा नवरात्रि का पर्व : पंडालों में स्थापित की गई मां दुर्गा की प्रतिमा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शारदीय नवरात्र शुरू होते ही चारों तरफ देवी मां के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो रहा है पूरे जनपद में जगह–जगह मां दुर्गा की प्रतिमाएं पंडालों में स्थापित कर विधिवत अर्चन पूजन किया जा रहा है।कॅरोना काल के बाद लगभग 2 वर्षो बाद एक बार पुनः पंडालों की रौनक लौटी है। लोग जोर शोर से माता रानी की पूजा में जुटे हुए हैं ।गांव से लेकर शहर तक लगभग 600 के ऊपर पंडाल स्थापित किए गए हैं। तमाम पंडालों में तमाम तरह की मूर्तियां और सजावट की गई हैं। कहीं कई लोगों ने भव्य अयोध्या के राम मंदिर को सजाया है और उसे बेहतर रूप से प्रदर्शित किया है तो कहीं लोगों ने देश की अखंडता और एकता को देखते हुए इस वर्ष मनाया जा रहा है अमृत महोत्सव के तहत पूरे पंडाल को ही तिरंगे में पिरो दिया है यहां तक की मां की मूर्ति भी तिरंगे में पिरोई हुई है वही जनपद की सबसे बड़ी मूर्ति बड़ी महारानी के नाम से जानी जाने वाली ओलंदगंज की मां दुर्गा की विशाल प्रतिमा भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। लगभग 45 वर्ष पुरानी संस्था धार्मिक शिव शक्ति संस्था हनुमान मंदिर रुहट्टा इस बार पूरे जोश के साथ मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजन अर्चन जोर शोर से चल रहा है। सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का



मां के दर्शन के लिए तांता लगा हुआ है। संस्था के तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ता जी जान से जुट कर हर रोज नया कुछ कर माता को अपनी भेंट अर्पण कर रहे हैं। संस्था अध्यक्ष पवन जयसवाल उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव पत्रकार महासचिव नंदेश अग्रहरी कोषाध्यक्ष आकाश मौर्य आय ब्याय निरीक्षक हर्षित श्रीवास्तव व्यवस्थापक विक्की श्रीवास्तव बबलू विश्वकर्मा व संरक्षक मंडल के वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश सिंह प्रदेश प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी मोहन शंकर दिनेश अग्रहरि अमित अग्रहरि राजा राम एंड संस ग्रुप ऋषि सिंह आदि लोग मिलकर पूजा सम्पन्न कराने में जुटे हुए हैं।

## 12 नवम्बर 2022 को दीवानी न्यायालय परिसर जौनपुर एवं समस्त तहसील मुख्यालयों पर किया जायेगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल, माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के तत्वावधान में 12 नवम्बर 2022 दिन शनिवार को प्रातः 10:00 बजे से दीवानी न्यायालय परिसर, जौनपुर एवं समस्त तहसील मुख्यालयों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में ई–चालान व आर्बिट्रेशन के निष्पादन वाद, प्री–लिटिगेशन (वाद–पूर्व) स्तर पर पारिवारिक/दाम्पत्य विवाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, धन वसूली वाद, श्रम एवं सेवायोजन विवाद, विद्युत, जल बिल एवं अन्य प्रकार के बिलों के भुगतानों के विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), भरण–पोषण वाद तथा अन्य प्रकार के आपराधिक शमनीय व सिविल वाद तथा विभिन्न न्यायालयों में लम्बित आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, धन वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें, श्रम एवं सेवायोजन विवाद, विद्युत, जलकर बिल एवं अन्य प्रकार के बिलों के भुगतानों के विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित) पारिवारिक वाद (विवाह विच्छेद सम्बन्धित वादों को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वाद, सेवा में वेतन, भत्तों एवं सेवानिवृत्ति परिलाभों से सम्बन्धित विवाद, आपसी सुलह–समझौतें के आधार पर निस्तारित होने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा। अतः वादकारी एवं अधिवक्तागण अपने–अपने वादों से सम्बन्धित न्यायालयों में सम्पर्क स्थापित कर वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु संदर्भित करायें एवं अधिकतम वादों का निस्तारण कराकर लोक अदालत का लाभ उठायें। उक्त जानकारी सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवके विक्रम ने दी है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत विश्व गुरु बन गया है –महेश चंद श्रीवास्तव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत विश्व गुरु बन गया है और आज विश्व में भारत की एक नई पहचान बन गई हैं। उक्त विचार भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष महेश चन्द्र श्रीवास्तव 'महेश जी' ने भाजपा मछली शहर जिला संगठन द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन पर आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत माँ कृष्णा सरस्वती जूनियर हाईस्कूल नत्थनपुर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम व वृक्ष वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए कहा और कहां की आज मोदी सरकार ने ऐसा ऐसा कार्य किया है कि विदेश के लोग भी नतमस्तक हो कर भारत का गुड़गान कर रहे है। महेश जी ने कहा कि देश में पहली बार किसी प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक समाजहित राष्ट्रहित में कार्य हो रहा है। मछली शहर के सांसद वी पी सरोज ने कहा कि संगठन में शक्ति होती हैं आज सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रक्तदान, सफाई अभियान, वृक्षारोपण जैसे अनेक कार्य हो रहे है जो सराहनीय कार्य है। पूर्व विधायक डॉ हरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि योगी मोदी के नेतृत्व में देश प्रदेश में चौहमुखी विकास कार्य हो रहे है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया ने कहा कि भाजपा सरकार ही बगैर भेदभाव किये विकास कार्य कर रही हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष मछली शहर राम विलास पाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के दम पर संगठन ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत हर कार्य बखूबी से किया व संगठन के दिशा निर्देश का पालन किया मैं सभी कार्यकर्ताओं का आभारी हु आई टी सेल मछली शहर ने देश प्रदेश में नाम रोशन किया। इसके



पूर्व मुख्य अतिथि महेश जी ने हरिशंकरी के अंतर्गत पौधारोपण किया । 101 पौधे कार्यकर्ताओं को वृक्ष लगाने हेतु वितरण किया जो अपने अपने क्षेत्र में लगाकर उसकी देखपाल भी करेंगे।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री भाजपा डॉ अजय सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पुप्स अर्पित कर किया गया। उक्त , जिला महामंत्री राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्षश्री बृजेश सिंह, मंडल अध्यक्ष सिरकोनी रमेश जायसवाल जी, बूथ अध्यक्ष श्री संतराम मौर्या,शक्ति केंद्र संयोजक श्री सत्रुघन जयसवाल युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री अखिल प्रताप सिंह ,जिला मंत्री महेन्द्र प्रजापति, जिला मंत्री राजेश सोनकर मंडल अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा आदि कृष्ण कुमार जायसवाल बूथ अध्यक्ष शांति स्वरूप मौर्य पंकज श्रीवास्तव हैप्पी, महेंद्र गुप्ता ऋषिकेश श्रीवास्तव सुलभ श्रीवास्तव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश जी के वाराणसी से आने पर त्रिलोचन महादेव जलालपुर सरकोनी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। उक्त आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अनुराग सिन्हा ने दिया।

## अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सम्मानित किए गये वरिष्ठ मतदाता

जौनपुर सू.वि. : भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के क्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में वरिष्ठ एवं शतायु मतदाता सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी वि. रा./उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश ने 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं को माल्यार्पण कर एवं माननीय भारत निर्वाचन आयुक्त महोदय का पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राम प्रकाश ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की अनूठी पहल के माध्यम से चुनावी प्रक्रिया में इनके निरंतर योगदान एवं लोकतंत्र को मजबूत बनाने और अपना अमूल्य योगदान देने के दृष्टिगत वरिष्ठ मतदाताओं को सम्मानित किया जा रहा है, जिससे मतदाताओं में क्रेज बढेघ्गा, वरिष्ठ मतदाताओं ने वोट के महत्व के प्रति भावी पीढ़ियों को जागरूक व प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, आगे उन्होंने बताया कि जनपद जौनपुर में 80 वर्ष से अधिक आयु के कुल 44726 मतदाता है । संचालन स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सुनील कुमार भारती, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी, तहसीलदार सदर पवन कुमार सिंह, अन्य अधिकारियों सहित 366 जौनपुर, 367 मल्हनी व 371 जफराबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ मतदातागण उपस्थित रहे।

# इंडक्शन प्रोग्राम में छात्र–छात्राएं मौलिक अधिकारों एवं अन्य कानून से हुए जागरूक

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग में छह दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम के चौथे दिन गुरूवार को छात्रों को "मौलिक अधिकारों व अन्य कानून के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में विवि के विधि संकायाध्यक्ष प्रो0 अशोक कुमार राय ने छात्रों को न्यायिक संरचना से अवगत कराते हुए सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय, जिला एवं सत्र न्यायालय के अंतर को सारगर्भित किया। उन्होंने जिला एवं सत्र न्यायालय को परिभाषित करते हुए बताया कि जनपद न्यायाधीश जब सिविल अर्थात प्रॉपर्टी से संबंधित मुकदमों को सुनता है तो उन्हें जनपद न्यायाधीश कहते हैं और जब वह क्रिमिनल आपराधिक मुकदमों की सुनवाई करते हैं तो उन्हें सत्र न्यायाधीश कहते हैं। प्रो0 राय ने जिले की संरचना को बताते हुए कहा कि प्रत्येक जिले में जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, अतिरिक्त जनपद न्यायाधीश, सिविल जज सीनियर डिविजन, चीफ जुडिशल मजिस्ट्रेट, सहायक जुडिशल मजिस्ट्रेट, एवं जुडिशल मजिस्ट्रेट आबादी के अनुसार होते हैं। प्रो. राय ने विद्यार्थियों को वादी–प्रतिवादी का भी अंतर बताया। कहा कि हम सबको अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक कानून जानने चाहिए और कानून का पालन करते हुए अपनी बात को यथोचित स्थान पर रखना चाहिए, इससे डरना नहीं चाहिए। एक सफल सामाजिक एवं प्रतिष्ठा पूर्वक जीवन के लिए कानून की जानकारी आवश्यक है। अंत में विद्यार्थियों के प्रश्नों के जवाब देते हुए प्रो0 राय ने शिक्षा का अधिकार, आरटीआई सूचना का अधिकार मुस्लिम लॉ एवं समान नागरिक संहिता जैसे नियमों से अवगत कराया। कार्यक्रम में गणित एवं सांख्यिकी विभागाध्यक्ष प्रो0 एस.एस. मिश्र ने मौलिक अधिकार कानून से अवगत कराते हुए कहा कि देश के प्रत्येक नागरिकों को संविधान संरक्षा प्रदान की गई है। इन अधिकारों का जरूरत पड़ने पर उपयोग किया जा सकता है। कार्यक्रम में विभाग के प्रो0 एसके रायजादा द्वारा अतिथि का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 सविता चंदेल ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 पीके द्विवेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो0 सी. के. मिश्र डॉ0 अभिषेक सिंह, डॉ0 संदीप रावत, शालिनी मिश्रा, अनामिका पाठक सहित छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## नवरात्रि पर्व में कन्या का खोलें सुकन्या समृद्धि खाता–पी के सिंह

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : मण्डलीय कार्यालय से मसौधा ब्लाक के कोटसराय, रायपुर, खड़गपुर मानापुर, सरियाँवा, मऊशिवाला, गद्दोपुर, ग्रामीण इलाकों से प्रधान डाकघर अयोध्या तक बेटियों को सशक्त बनाने के लिए एवं समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से सैकड़ों शाखा पोस्टमास्टर ने लगभग 30 किमी सुकन्या समृद्धि मोटरसाइकिल रैली निकालकर जनता को जागरूक किया । इस दौरान अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने सुकन्या समृद्धि मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर स्वयं भी रैली में शामिल हो गए इसके बाद नवरात्रि पर्व में सुकन्या समृद्धि योजना को जन जन तक पहुचाने के लिए गांव गांव दरवाजे दरवाजे सम्पर्क भी कराया गया ।रैली के दौरान मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने कहा कि नवरात्रि में कन्याएं माँ भगवती का स्वरूपा होती हैं ऐसे में सम्पन्न परिवार गरीब कन्याओं का डाकघर में सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाकर उन्हें कन्या पूजन का दान दे सकतें हैं । इससे उन्हें भविष्य का डॉक्टर, इंजीनियर प्रशासनिक अधिकारी सहित उच्च सेवा में जाने का अवसर देने के साथ साथ उनके शादी विवाह के समय आर्थिक मजबूती देगा । साथ ही बताया कि यह बहुत शुभ दिन का सुकन्या समृद्धि के लिए अवसर होगा । इस अवसर पर सीनियर पोस्टमास्टर एस आर गुप्ता ने बताया कि दरवाजे दरवाजे सुकन्या समृद्धि खाता खोलकर पासबुक घर तक पहुचाने का प्रबन्धा किया गया है शिविर में कन्या का जन्म प्रमाण पत्र, अविभावक का आधार, दो फोटो तथा 250ध– रुपये से खाता खोला जा रहा है । इस पवित्र पर्व के दौरान 1024 कन्याओं का सुकन्या समृद्धि खाता खोला गया । इस दौरान मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, जयशंकर प्रसाद वर्मा, रजत सिंह, जितेन्द्र सिंह, कुमार चित्रांकर, चन्द्रेश वर्मा, दिलीप पाण्डेय, विजय यादव, अम्बिका यादव, पवन गुप्ता, जय प्रकाश सिंह, अम्बिका दुबे, माता प्रसाद यादव, आदि सैकड़ों शाखा पोस्टमास्टर मौजूद रहे।

## विश्व रैबीज–डे पर छात्र–छात्राओं ने नुक्कड़ सभा से किया जागरूक : अवध विवि के मुख्य परिसर में किया आयोजन

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ माइक्रोबायोलॉजी, सेन्टर फार एक्सीलेंस एवं माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसायटी आफ इन्डिया के संयुक्त संयोजन में गुरूवार को विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में विश्व रैबीज डे पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इसमें माइक्रोबायोलॉजी और इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी व अन्य विभागों के छात्र–छात्राओं द्वारा रैबीज को दूर भगाएं के नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान छात्रों ने बताया कि रैबीज बीमारी रैबीज ग्रसित जानवरों के काटने से फैलती हैं। लोगों के जागरूक न होने की वजह से कुछ समय बाद भयानक रूप में बदल जाती है। इससे मरीज को पानी से डर लगने लगता है और इलाज न होने की स्थिति व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। कार्यक्रम में छात्रों ने नुक्कड़ सभा के माध्यम से पालतू जानवरों को टीका लगवाना है रैबीज भगाना है के नारे लगाकर कर रैली निकाली एवं रैबीज के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, प्रो0 राजीव गैर, प्रो0 तुहिना वर्मा, प्रो0 विनोद कुमार श्रीवास्तव, फार्मेसी विभाग के डॉ0 सत्य प्रकाश सिंह, अंकुर श्रीवास्तव, डॉ0 विमल कुमार यादव, डॉ0 अजय कुमार शुक्ला सहित विभिन्न विभागों छात्र छात्राएं शामिल रहे।

## साकेत महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं के लिए लागू हुआ ड्रेस

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : ड्रेस शिक्षण संस्थानों में छात्र–छात्राओं के मध्य अनुशासन एवं समानता की भावना उत्पन्न करता है। ड्रेस शिक्षण संस्थानों में छात्र–छात्राओं में गरीब अमीर की भावना को दूर करने में भी सहायक है ।उक्त बातें साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ अभय कुमार सिंह ने महाविद्यालय द्वारा आयोजित महाविद्यालय ड्रेस प्रतियोगिता में कही। उल्लेखनीय है कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र से साकेत महाविद्यालय में छात्र छात्राओं के लिए ड्रेस लागू कर दिया गया है। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के सदस्यों में डॉक्टर कुमुद सिंह अध्यक्ष ड्राइंग एवं पेंटिंग विभाग डॉ बुशरा खातून उर्दू विभाग एवं डॉ शिप्रा सिंह वाणिज्य विभाग रही। प्रतियोगिता संयोजक प्रोफेसर डॉ मिर्जा शहाब शाह ने अतिथियों का स्वागत किया एवं प्रतियोगिता के सह संयोजक प्रोफेसर डॉ अनुराग मिश्र ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। महाविद्यालय ड्रेस कोड समिति के संयोजक प्रोफेसर शहाब ने प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया । प्रतियोगिता में 60 छात्राओं एवं 28 छात्रों ने प्रतिभाग किया। छात्राओं में अंशिका यादव बीएससी प्रथम सेमेस्टर एवं निरुपमा सिंह बीकॉम प्रथम सेमेस्टर ने संयुक्त रूप से प्रथम ,सूफिया अख्तर बीकॉम प्रथम सेमेस्टर द्वितीय एवं अंशी मिश्रा बीकॉम प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों में विकास सिंह बीकॉम प्रथम सेमेस्टर एवं उत्कर्ष सिंह बीकॉम प्रथम सेमेस्टर संयुक्त रूप से प्रथम गौरव उपाध्याय बीकॉम प्रथम सेमेस्टर द्वितीय एवं प्रिंस चौधरी बीए द्वितीय वर्ष तृतीय स्थान पर रहे।प्रतियोगिता में प्रोफेसर ओपी यादव, प्रोफेसर आशुतोष सिंह, प्रोफेसर आशीष प्रताप सिंह, प्रोफेसर अमूल्य कुमार सिंह, डॉ पीयूष कुमार ,डॉ देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

## तक्षशिला परिवार द्वारा ग्रामीण अंचल मे डिजिटल लाइब्रेरी की सौगात–पूर्व विधायक खब्बू तिवारी

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : इटौरा चौराहा अयोध्या पर तक्षशिला ग्रुप ऑफ एजुकेशन द्वारा प्रायोजित तक्षशिला डिजिटल लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ मुख्य अतिथि इन्द्र प्रताप तिवारी ''खब्बू तिवारी'' द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया।इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री संजीव सिंह जी द्वारा दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई व कृष्ण कुमार पांडे ''खुन्नू पांडे'' जिलाउपाध्यक्ष भाजपा द्वारा संबोधित करते हुए छात्र–छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन सूरज मिश्रा द्वारा किया गया। खब्बू तिवारी ने अयोध्या के साथ–साथ तक्षशिला के शैक्षिक महत्व को प्राचीनतम से नवीनतम परिपेक्ष्य में जोड़ते हुए महत्वपूर्ण आख्यान दिया। इस मौके पर तक्षशिला ग्रुप ऑफ एजुकेशन के फाउंडर व चेयरमैन संतोष मिश्र जी,भाजपा नेता नीरज श्रीवास्तव ''रिंकू'', डॉ0 रत्नेश पाण्डेय जीवन हॉस्पिटल, राजा दूबे समाजसेवी, पवन तिवारी, उमेश मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य देवता पटेल जी, राजेश पाण्डेय जी,विनोद मिश्रा जी, ज्ञान प्रकाश मिश्र जी,संजय वर्मा जी,रामदास वर्मा जी,ग्राम प्रधान उदय पांडे, गिरजेश त्रिपाठी निदेशक झुनझुनवाला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट एवं कपिल पाण्डेय , दीपक पाण्डेय,सुनील मिश्रा, प्रशांत दूबे, सुशांत मिश्रा,अभिषेक मिश्रा,अभिषेक सिंह अमित मौर्य व हजारों की संख्या में आम जनमानस व छात्रों की भी महत्वपूर्ण भागीदारी रही।

## विभाग द्वारा जनसूचना का गोल–मोल जवाब देने पर जिला पंचायत राज अधिकारी को लिखा पत्र

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : रूदौली विकास खंड के ग्राम पंचायत गौहन्ना के दर्जनों ग्रामवासियों द्वारा चार बिंदुओं पर मांगें गए जनसूचना का विभाग द्वारा गोल–मोल जबाब देने से असंतुष्ट ग्रामवासियों ने जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र लिखकर ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा सही सूचना उपलब्ध कराने की अपील की है। बता दें कि ग्रामवासियों द्वारा 18 सितंबर 2021 को ग्राम पंचायत अधिकारी से चार बिंदुओं पर सूचना माँगी गई थी।ग्रामवासियों का आरोप है कि ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा उक्त बिंदुओं का स्पष्ट जबाव न देकर गोल–मोल जबाब ग्रामवासियों को दिया गया है जिससे असंतुष्ट ग्रामवासियों ने जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र लिखकर उक्त विंदुओं का स्पष्ट जबाब ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराने की अपील की है।

## क्या करूँ साहब आरटीओ से बचने के लिए गाड़ी में लगाना पड़ता है फर्जी नंबर

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : क्या करूँ साहब आरटीओ से बचने के लिए गाड़ी में लगाना पड़ता है फर्जी नंबर। जी हाँ आप सही सुन रहे हैं यह बयान है एक ट्रक ड्राइवर का जो ट्रक के एक पेड़ से टकरा जाने के बाद पहुँची पुलिस से अपनी व्यथा बता रहा था। रूदौली कोतवाली क्षेत्र में एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है जहाँ ट्रक संख्या यूपी 41 एटी–6789 (फर्जी न. जो गाड़ी पर पहले पड़ा था ) ग्राम अमहटा से रूदौली की ओर आते समय सड़क पर ट्रेक्टर के खड़े होनें के कारण पेड़ से टकरा गया । मौके पर पहुँची पुलिस ने जब ट्रक ड्राइवर रिजवान से ट्रक नम्बर पूछा तो उसने गाड़ी का नम्बर यूपी 41 एटी–5789 बताया । पुलिस द्वारा यह पूछने पर की गाड़ी पर तो यूपी 41 एटी–6789 यह नम्बर पड़ा है इस पर रिजवान ने कहा कि क्या करूँ साहब आरटीओ से बचने के लिए यह सब करना पड़ता है। फिलहाल ड्राइवर ने फर्जी नम्बर हटाकर ट्रक पर सही नम्बर लगा लिया। इस मामले की जानकारी एसपी ग्रामीण अतुल सोनकर देने पर बताया कि मामले को दिखवाते है। वही कोतवाल रूदौली शशिकांत। यादव ने बताया कि दूषित नम्बर प्लेट पर गाड़ी का चालान किया गया है।

# रामनगरी में राम भक्तों के लिए बड़ी खुशखबरी : 350 रुपये में रुकने व भोजन की मिलेगी सुविधा

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : राम नगरी में आने वाले भक्तों के लिए एक और बड़ी खुशखबरी मिलने जा रही है अयोध्या में भगवान श्री रामलला के मंदिर का निर्माण हो रहा है। और आने वाले श्रद्धालुओं को प्रदेश सरकार के द्वारा एक और बड़ी योजना देने जा रही है। के बाद से राम भक्तों को अयोध्या आने के लिए सूचना नहीं होगा और ना ही ज्यादा जेब खर्च भी लगेगा। दरसल उत्तर प्रदेश सरकार अयोध्या आने वाले भक्तों के लिये रुकने की व्यवस्था सहित 350 रुपए में तीन टाइम भोजन की सुविधा देने जा रही है। अयोध्या में लता मंगेशकर चौराहे के उद्घाटन क्रम में शामिल होने पहुंचे उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने देर शाम अयोध्या के प्रशासनिक एवं पर्यटन से जुड़े अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की जिस में होने वाले दीपोत्सव के दौरान जिन परियोजनों का लोकार्पण व शिलान्यास किया जाएगा उन योजनाओं पर अभी पूरा हो चुका है इसके साथ अयोध्या में बढ़ते श्रद्धालुओं को लेकर सरकार सुविधा उपलब्धा कराए जाने की योजना पर कार्य शुरू करने जा रही है जिसमें अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को अब शौचालय स्नानघर ठैरने की व्यवस्था व भोजन की सुविधा को कम खर्च में उपलब्ध कराएगी। अयोध्या को भव्यता और दिव्यता देने के लिए भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार दोनों कटिबद्ध है। कहीं पर भी किसी प्रकार की कोई फाइनेंस की भी दिक्कत नहीं आने देंगे इसे दिव्यता का शुरू देने के लिए रात दिन काम करेंगे आज की समीक्षा बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले मार्गों पर द्वार बनने जा रहे हैं। जहां से मुख्य सड़कों अयोध्या में प्रवेश होता है स्थान पर पर्यटन विभाग जमीन खरीद कर ट्रिपल पी योजना से स्वागत द्वार बनाएंगे। इसके साथ ही वहां पर पेट्रोल पंप, सीएनजी, चार्जर पॉइट, ठहरने के लिए होटल की व्यवस्था, भोजन करने की व्यवस्था पार्किंग की व्यवस्था सहित अन्य सभी सुविधाओं को सभी स्थानों पर एक इंटीग्रेटेड बनाएंगे और कहा कि अयोध्या में अधिकतर गरीब लोग श्रद्धालु बहुत आते हैं और उनको लेकर रुकने की सुविधा के साथ ध350 में सुबह दोपहर शाम का भोजन भी देंगे। वहीं कहा कि जितने भी यहां पर गरीब वर्ग के लोग व राम के भक्त आते हैं उनके लिए आज पूरी नगर निगम क्षेत्र में 40 से अधिक स्थानों पर जन सुविधाएं देने की व्यवस्था करेंगे । और भी बहुत सारी योजनाएं हैं। और अभी हमारी कैविनेट में जिसमें टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया गया है अयोध्या में आने वाले समय में जिस तेजी से श्रद्धालुओं व पर्यटकों का आगमन बढ़ेगा। उसी दृष्टि को ध्यान में रखते थे उनके ठहरने,उनकी जन सुविधाओं और भोजन सहित सारी व्यवस्था करने की योजना बना रहे हैं । अयोध्या को एक आदर्श नगर, विश्व की सबसे सुंदर नगर बनाने की योजना है।

## अम्बेडकर पार्क की बाउंड्रीवाल तोड़ने के आरोप पर तनाव : महिला समेत दो का चालान : थाना बाबा बाजार के ग्राम तेर की घटना

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : बाबा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम तेर में अंबेडकर पार्क की बाउंड्री वाल तोड़ने के आरोप में महिला समेत दो लोगों को शांति भंग की आशंका में धारा 151 के तहत चालान कर दिया गया। बताया जाता है कि ग्राम तेर में डॉ0 भीम राव अम्बेडकर पार्क के चारों ओर बाउंड्री वाल का निर्माण चल रहा था।कुछ ही दूरी पर गांव की सैबुन्निशा पत्नी राहित का भी मकान का निर्माण शुरू था।सैबुन्निशा ने निर्माण सामग्री अम्बेडकर पार्क में रख दी थी जब गांव के लोग बाउंड्री का निर्माण करा रहे थे तो सैबुन्निशा ने कहा कि मेरी भवन निर्माण की सामग्री लाने के लिये एक तरफ रास्ता खुला रखना।गांव वाले सैबुन्निशा की बात मान कर बाउंड्री वाल कराने के बाद थोड़ा हिस्सा खुला छोड़ दिया।जब सैबुन्निशा अपना सामान उठा ले गयी तो ग्रामीणों ने महिला से बाउंड्री वाल को बंद करने को कहा इस पर जब वह नही तैयार हुई तो लोगों ने मिल कर बाउंड्री वाल का निर्माण करा दिया।आरोप है कि सैबुन्निशा ने बाउंड्री बाल को गिरा दिया।ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी तो सैदपुर चौकी इंचार्ज शतीश चंद पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर सैबुन्निशा पत्नी राहित तथा कलीम को गिरफ्तार कर थाने भेज दिया।थानाध्यक्ष बाबा बाजार मनोज कुमार ने बताया कि दोनों को शांति भंग की आशंका में धारा 151 के तहत चालान कर दिया गया।वहीं सैबुन्निशा ने आरोप को सिरे से खारिज करते हुए बताया कि रंजिश के तहत उन्हें फंसाया गया है।उनके द्वारा ऐसा कोई कृत्य नहीं किया गया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सम्पन्न : धारा–138 से संबंधित कुल 15 वादों का हुआ निस्तारण

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार दिनांक 26, 27, 28 एवं 29 सितम्बर 2022 को एन०आई०एक्ट की धारा– 138 के अंतर्गत लम्बित मामलों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फैजाबाद संजीव फौजदार की अध्यक्षता एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफ०टीसी०द्वितीय) शैलेन्द्र सिंह यादव व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फैजाबाद रिचा वर्मा मार्गदर्शन में दीवानी न्यायालय फैजाबाद में आयोजित किया गया। विशेष लोक अदालत में एन०आई०एक्ट की धारा– 138 से संबंधित कुल 15 वादों का निस्तारण किया गया। पीठासीन अधिकारी, अतिरिक्त न्यायालय, फैजाबाद श्री अमरनाथ कुशवाहा द्वारा बताया गया कि दिनांक 26 सितम्बर 2022 को एन०आई०एक्ट की धारा– 138 से संबंधित 03 वाद, 27 सितम्बर 2022 को एन०आई०एक्ट की धारा– 138 से संबंधित 06 वाद, 28 सितम्बर 2022 को एन०आई०एक्ट की धारा– 138 से संबंधित 02 वाद एवं 29 सितम्बर 2022 को एन०आई०एक्ट की धारा– 138 से संबंधित 04 वाद का निस्तारण किया गया।

# बाबा के दरबार में सीएम योगी ने किया दर्शन पूजन : 5जी पर किया ट्वीट



वाराणसी ब्यूरो : सीएम योगी आदित्यनाथ वाराणसी पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली से 5जी सेवा को रिमोट का बटन दबाकर लॉन्च किया। वहीं, वाराणसी के रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर से सीएम योगी आदित्यनाथ इस आयोजन में वर्चुअल तरीके से जुड़े। सीएम ने 5जी को नए भारत की शक्ति बाताया। इस मौके पर सीएम ने कहा– 5 जी दुनिया की तस्वीर बदल देगी। लखनऊ समेत देश के कई शहरों को आज से 5जी सेवा मिली है। सीएम योगी शनिवार की सुबह करीब दस बजे वाराणसी पहुंचे। यहां से कार से वो सर्किट हाउस गए। रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में भारतीय दूरसंचार विभाग की ओर से 5जी सेवाओं की लॉन्चिंग प्रोग्राम में शिरकत की। सीएम योगी ने ट्वीट करके लिखा– आदरणीय प्रधानमंत्री जी द्वारा आज देश में 5ळ सेवाओं का शुभारंभ 'विकसित भारत–डिजिटल भारत' के अमृत प्रण की सिद्धि का जनाकांक्षी विजन है। 'नए भारत' की शक्ति को आज से मिल रही 5जी गति देश की Innovative उड़ानों को नए आकाश प्रदान करेगी। इस नए युग की शुरूआत हेतु अभिनंदन प्रधानमंत्री जी!

राजू पान मसाला की तरफ से समस्त जनपद वासियों प्रदेशवासियों को नवरात्रि दशहरा भरत मिलाप की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं





प्रो0– अनिल कुमार
राजू पान मसाला
100%शुद्धता के साथ
निकट –परमानतपुर, रुहट्टा, जौनपुर
वैधानिक चेतावनी –पान मसाला सेहत के लिए हानिकारक है।

# अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन की महिलाओं ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : फैजाबाद अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन की महिलाओं ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन और सिविल लाइन गांधी पार्क में धरना देकर नारेबाजी की महिलाओं पर बढ़ते हुए अपराध व महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ आज अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन की महिलाओं ने नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा जिसमें प्रदेश में विभिन्न जिलों में महिलाओं के साथ हुई घटनाओं का जिक्र करते हुए महिलाओं ने यह मांग की है कि प्रदेश में हो रहे महिलाओं के साथ अपराध व घटना बहुत चिंता का विषय है जिस पर उत्तर प्रदेश की सरकार लगाम लगाने में नाकामयाब दिखाई दे रही है महिला यौन उत्पीड़न व सामूहिक बलात्कार व नाबालिग बच्चियों युवतियों के साथ रेप के मामले सामने आ रहे हैं जो एक चिंता का विषय है और ऐसी घटनाओं पर सख्ती के साथ लगाम लगाने की जरूरत है।

## चोरी की मोटर साइकिल दो मोटर पंप व अवैध तमंचे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : खंडासा पुलिस ने गुरुवार को गश्त के दौरान चोरी की मोटर साइकिल,दो विद्युत चालित मोटर पंप व अवैध तमंचे के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया ।जिसे रिमांड हेतु न्यायालय भेजा गया है। उप निरीक्षक विनय कुमार यादव व अश्वनी कुमार सिंह अपने हमराही सिपाहियों के साथ थाना क्षेत्र से सप्ताह के भीतर चोरी हुए विद्युत मोटर पंपों की बरामदगी के लिए क्षेत्र में गश्त कर रहे थे इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय रायपट्टी के पास से एक बिना नंबर मोटर साइकिल पर दो मोटर पंप लादकर ले जा रहे एक युवक को दबोच लिया तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक देसी तमंचा 12 बोर व दो जिंदा कारतूस,एक बिना नंबर प्लेट की चोरी की गई मोटर साइकिल व क्षेत्र से चोरी किया गया दो विद्युत चालित मोटर पंप बरामद हुआ ।पकड़े गए युवक ने अपना नाम पवन कुमार पुत्र मातादीन निवासी ग्राम पूरे तलई मौजा रायपट्टी थाना खंडासा बताया ।मोटर पंपो की चोरी के दर्ज दो मुकदमो के साथ आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया ।थानाध्यक्ष खंडासा संतोष कुमार सिंह ने बताया की गिरफ्तार अभियुक्त को रिमांड हेतु न्यायालय भेज दिया गया है।

## चार बच्चों को घर पर छोड़कर छः बच्चों की मां हुई लापता : पति परेशान

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के बछराम पुर निवासी 6 बच्चों की मां करीब 32 वर्षीय विवाहिता के अचानक लापता हो जाने से विवाहिता का पति और बच्चे काफी परेशान हैं। विवाहिता के पति ने बताया कि उसकी पत्नी अपने चार बच्चों को घर पर छोड़ कर तथा दो बच्चों को साथ लेकर घर से कहीं चली गई है। अब लापता हुई पत्नी और पत्नी के साथ गए दो बच्चों का पता लगाने के लिए वह काफी परेशान है। पिछले कई दिनों से तहसील और कोतवाली का चक्कर लगा रहा है। मामले में पीड़ित पति अंसार अली द्वारा गुरुवार को बीकापुर कोतवाली में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया गया है। अंसार अली द्वारा बताया गया कि 24 सितंबर को दिन में वह बीकापुर तहसील काम से आया था। दोपहर बाद जब घर वापस पहुंचा तो उनकी पत्नी दो बच्चों को लेकर कहीं चली गई है। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिल रहा है। जबकि 4 बच्चे घर पर मौजूद हैं जिसमें 3 महीने का दूधमुहा बच्चा भी है। मां के लापता होने से सभी बच्चे परेशान हैं।

# जमीन को लेकर विवाद में चले लाठी–डंडे और गुम्मे

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत खुर्दा बाद में जमीन को लेकर भाई भाई की लड़ाई में चले लाठी–डंडे और ईट पत्थर जिसमें दोनों पक्षों की ओर से कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं सभी जिला अस्पताल में भर्ती किए गए हैं कोतवाली नगर पुलिस में दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई है पुलिस इस विवाद को लेकर जांच कर रही है जिसमें एक पक्ष का कहना था कि मेरी बगल में जमीन पड़ी है और उस जमीन पर मुकदमा चल रहा है दौराने मुकदमा दूसरा पक्ष निर्माण करवा रहा था जिसको रोकने के लिए कहा गया लेकिन निर्माण करवा रहे पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाठी डंडे गुम्मे से हमला बोल दिया है जिसमें कई लोग घायल हुए हैं तो वही निर्माण करवा रहे हैं पक्ष का भी आरोप है के हमारे ऊपर भी कट्टे के से हमला हुआ कट्टा मिस हो जाने के कारण कट्टे के बट से हमला किया जिसमें हमारे पक्ष के लोग भी घायल हुए हैं फिलहाल इस पूरे मामले की पुलिस जांच में जुटी है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।